फाल्गुन माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 44 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 08 मार्च 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## न्यूज फ्लैश

### 6 राज्यों कि 13 राज्यसभा सीटों के लिए 31 मार्च को होगा मतदान

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने सोमवार को 6 राज्यों की 13 राज्यसभा सीटों पर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। सभी सीटों पर 31 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आएंगे। इसमें असम से दो, हिमाचल प्रदेश से एक, केरल से तीन, नागालैंड से एक, त्रिपुरा से एक और पंजाब से पांच सीटे हैं।

जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है उसमें प्रमुख नाम कांग्रेस नेता आनंद शर्मा (हिमाचल प्रदेश) और एके एंटनी (केरल) हैं। चुनाव आयोग के अनुसार सभी सीटों के लिए 14 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। 31 मार्च को इन सीटों के लिए मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आएंगे।

पंजाब को छोड़कर सभी राज्यों की सीटों पर 2 अप्रैल को सदस्यों का 6 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। वहीं पंजाब के सुखदेव सिंह, प्रताप सिंह बाजवा, श्वेत मलिक, नरेश गुजराल और शमशेर सिंह दूलो का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट में केन्द्र ने कहा- कोरोना से मौत का झूठा सर्टिफिकेट दे रहे हैं डॉक्टर

**नई दिल्ली:** कोरोना संक्रमण से होने वाली मौत पर मुआवजे के मामले पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सभी राज्यों में मुआवजा दिया जा रहा है, लेकिन यह समस्या भी देखने में आ रही है कि डॉक्टर नकली प्रमाणपत्र दे रहे हैं। उसके बाद कोर्ट ने सभी पक्षों से इससे बचने पर सुझाव देने को कहा। इस मामले पर अगली सुनवाई 14 मार्च को होगी। चार फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना से हुई मौत पर मुआवजे के भुगतान के मामले में राज्य सरकारों की शिथिलता पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि कोरोना से अनाथ हुए बच्चों के साथ मुआवजे के सभी विवरण एक हफ्ते के भीतर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को दें। कोर्ट ने सभी पीड़ितों तक मुआवजा पहुंच सके इसके लिए राज्यों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के साथ समन्वय बनाने के लिए एक अधिकारी की नियुक्त करने का भी निर्देश दिया था।


# बहुमत के साथ यूपी में लौट रहा योगीराज

## एग्जिट पोल: यूपी में भाजपा को 225 जबकि सपा को 151 सीटें मिलने का अनुमान है। बसपा को 14 और कांग्रेस को नौ जबकि अन्य को चार सीटें मिल सकती हैं

**नई दिल्ली:** विभिन्न एजेंसियों की ओर से पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के एक्जिट पोल के अनुमान सामने आ गए हैं। भले ही विधानसभा चुनावों की मतगणना 10 मार्च को होगी और असल नतीजे सामने आएंगे लेकिन किस राज्य में किसकी सरकार बन सकती है एक्जिट पोल से एक धुंधली तस्वीर सामने आती है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने का अनुमान है। यूपी, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में किन दलों की सरकार बन सकती हैं।


**यूपी में बन सकती है भाजपा की सरकार:** टाइम्स नाऊ के एक्जिट पोल के मुताबिक यूपी में भाजपा की सरकार बन सकती है। यूपी में भाजपा को 225 जबकि सपा को 151 सीटें मिलने का अनुमान है। बसपा को 14 और कांग्रेस को नौ जबकि अन्य को चार सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया के एक्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 288-326, सपा को 71-101, बसपा को 03-09, कांग्रेस को 01-03 जबकि अन्य को 02-03 सीटें मिल सकती हैं। वहीं एबीपी न्यूज सी-वोटर के मुताबिक चौथे चरण में भाजपा को 41-45, सपा को 12-16, बसपा को 1-3 सीटें मिलने का अनुमान है।

**मणिपुर में भी भाजपा सरकार:** जी न्यूज के एग्जिट पोल के अनुसार मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा फिर सत्ता में वापसी कर सकती है। भाजपा को 32 से 38 सीटें, कांग्रेस को 12 से 17 जबकि एनपीएफ को तीन से पांच सीटें मिल सकती हैं। अन्य के खाते



में दो से पांच सीटें जाने का अनुमान है। वहीं इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया के एक्जिट पोल के मुताबिक मणिपुर में भाजपा को 33-43, कांग्रेस को 04-08, एनपीपी को 04-08 जबकि अन्य को 06-15 सीटें मिल सकती हैं। एबीपी सी-वोटर के मुताबिक मणिपुर में भाजपा को 23-27, कांग्रेस को 12-16, एनपीपी को 10-14 जबकि एनपीएफ में 3-7 सीटें मिल सकती हैं।

**गोवा में फिर भाजपा की सरकार:** इंडिया टीवी के एग्जिट पोल के मुताबिक गोवा में भाजपा को 16-22, कांग्रेस को 11-17, आप को दो सीटें मिल सकती हैं। जी न्यूज के अनुसार गोवा में भाजपा को 13-18, कांग्रेस को 14-19 आप को एक-तीन जबकि अन्य को दो से पांच सीटें मिल सकती हैं। वहीं टाइम्स नाऊ के मुताबिक गोवा में भाजपा को 14, कांग्रेस को 16, आप को चार जबकि अन्य को छह सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया के एक्जिट पोल के मुताबिक गोवा में भाजपा को 14-18, कांग्रेस को 15-20, एमजीपी को दो से पांच जबकि अन्य को शून्य से 04 सीटें मिल सकती हैं।



उत्तर प्रदेश एग्जिट पोल-2022

| सीटें: 403 बहुमत: 202 | जी न्यूज डिजाइन बॉक्स | इंडिया टुडे एक्सिस | न्यूज24 चाणक्य | टाइम्स नाउ वीटो | रिपब्लिक Matrize | रिपब्लिक P MarQ | इंडिया टीवी ग्राउंड जीरो | इंडिया न्यूज जन की बात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 223-248 | 288-326 | 294 | 225 | 262-277 | 240 | 180-220 | 222-260 |
| सपा+ | 138-157 | 71-101 | 105 | 151 | 119-134 | 140 | 168-208 | 135-165 |
| बसपा | 5-11 | 3-9 | 2 | 14 | 7-15 | 17 | 2-12 | 4-9 |
| कांग्रेस | 4-9 | 1-3 | 1 | 9 | 3-8 | - | 2-8 | 1-3 |
| अन्य | 3-5 | 2-3 | 1 | 4 | - | 2 | 2-4 | 3-4 |

2017 के नतीजे: भाजपा+ 325, सपा 47, कांग्रेस 07, बसपा 19, अन्य 05

## गोवा में स्थिति साफ नहीं: भाजपा को 13-17 सीटें मिलने की उम्मीद

**एबीपी सी-वोटर के मुताबिक गोवा में** भाजपा को 13-17, कांग्रेस को 12-16, टीएमसी को 5-9 और अन्य को दो सीटें मिल सकती हैं। एबीपी सी-वोटर एग्जिट पोल के अनुसार उत्तराखंड में कांग्रेस को 32-38, भाजपा को 26-32, आप को दो जबकि अन्य को 03-07 सीटें मिल सकती हैं। वहीं इंडिया टीवी सीएनएस के एग्जिट पोल के मुताबिक उत्तराखंड में कांग्रेस को 37 से 41 सीटें, भाजपा को 25-29 जबकि अन्य को दो से चार सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया के एक्जिट पोल के मुताबिक उत्तराखंड में भाजपा को 36-46, कांग्रेस को 20-30, बसपा को 02-04 जबकि अन्य के



खाते में 02 से 05 सीटें मिलने का अनुमान है। न्यूज 24-टुडेज चाणक्या के मुताबिक उत्तराखंड में भाजपा को 43, कांग्रेस को 24 जबकि अन्य को तीन सीटें मिल सकती हैं।

**राज्यों में क्या बन रहे आसार** चुनावी विश्लेषकों की मानें तो मणिपुर में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है जबकि गोवा में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं। उत्तराखंड में भी भाजपा और कांग्रेस आमने सामने हैं। पंजाब के चुनावी मुकाबले में आम आदमी पार्टी की ओर से कड़ी चुनौती पेश किए जाने के आसार बन रहे हैं।

## पंजाब में बन सकती है 'आप' की सरकार



**इंडिया** टुडे-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल के मुताबिक पंजाब की 117 विधानसभा सीटों में से आप को 76 से 90 सीटें, कांग्रेस को 19 से 31, अकाली दल सात से 11 जबकि भाजपा को एक से चार सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं एबीपी सी-वोटर के एक्जिट पोल के मुताबिक आप को 51-61, कांग्रेस को 22-28, भाजपा को 07-13, अकाली दल को 20-26 जबकि 01-05 सीटें अन्य को मिल सकती हैं। टाइम्स नाऊ के एक्जिट पोल के मुताबिक पंजाब में कांग्रेस को 22, आप को 70, शिअद को 19, भाजपा को पांच जबकि एक सीट अन्य के खाते में जा सकती है। न्यूज 24-टुडेज चाणक्या के एक्जिट पोल के मुताबिक पंजाब में आप को 100, कांग्रेस को 10, शिअद को 06, भाजपा को एक सीट मिल सकती है।

पंजाब में इस बार मल्टी कॉर्नर फाइट होने की वजह से 30 से ज्यादा सीटों पर जीत का मार्जिन बेहद कम रहेगा। इन सीटों पर विनिंग मार्जिन 3 हजार से भी कम रह सकता है।

# पुतिन और जेलेंस्की सीधे करें संवाद: पीएम मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत कर सुझाव दिया कि उनके (पुतिन) और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के बीच सीधे विचार विमर्श से यूक्रेन में शांति प्रयासों को बहुत मदद मिलेगी। मोदी दुनिया के संभवतः पहले नेता हैं जिन्होंने रूस और यूक्रेन के नेताओं के बीच सीधे विचार विमर्श का सुझाव दिया है। विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, मोदी ने यूक्रेन के बदलते हुए घटनाक्रम पर विचार विमर्श किया। पुतिन ने रूस और




यूक्रेन के बीच जारी विचार विमर्श के बारे में मोदी को जानकारी दी। मोदी ने दोनों पक्षों के बीच जारी विचार विमर्श का स्वागत किया तथा आशा व्यक्त की कि इससे संघर्ष समाप्त हो सकेगा। मोदी ने यूक्रेन के सूमी नगर में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर अपनी गहरी चिंता से पुतिन को अवगत कराया। पुतिन ने मोदी को भारतीय छात्रों सहित नागरिकों को निकालने के लिए मानवीय गलियारा बनाने संबंधी प्रयासों के बारे में प्रधानमंत्री को बताया।

हाल के दिनों में मोदी ने यूक्रेन के संकट के बारे में पुतिन से कई बार विचार विमर्श किया है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की थी तथा यूक्रेन में संघर्ष से उत्पन्न मानवीय संकट पर विचार विमर्श किया था। मोदी ने 20 हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को वहां से बाहर निकालने के लिए यूक्रेन के अधिकारियों की मदद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अभी भी वहां फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उनकी सुरक्षित निकासी पर जोर दिया था।

# खार्किव में विस्फोट, आठ की मौत

**कीव (यूक्रेन):** युद्ध के 12वें दिन भीषण विस्फोट के बीच खार्किव में आठ लोगों की मौत हो गई। लुहान्सक शहर में धमाकों से दहशत है। खार्किव शहर में रह रहे लोग घबराए हुए हैं। लोग जल्द ही यह शहर छोड़कर अन्यत्र जाने की तैयारी में हैं। लुहान्सक शहर में एक भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। लुहान्सक के एक तेल डिपो में आग लग गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह सिटी सेंटर में तेज धमाका हुआ। स्थानीय समयानुसार सुबह 6:55 बजे विस्फोट के तुरंत बाद तेल डिपो में आग लग गई। रूसी हमले से यूक्रेन का



मारियुपोल शहर पूरी तरह तबाह हो गया है। इस शहर में दवा, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी हो गई है। कीव के बाहरी इलाके इरपिन में रूसी फौजों के साथ लड़ाई में फिल्म और डबिंग अभिनेता, प्रसिद्ध टीवी होस्ट पावलो ली (पाशा ली) की जान चली गई। पावलो ने रूसी आक्रमण के पहले दिन यूक्रेन की रक्षा के लिए सेना में अपना नामांकन कराया था।

### शाह से मिले कैप्टन अमरिंदर सिंह

**नई दिल्ली:** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में संपन्न मतदान समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने यहां शाह के आवास पर उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सिंह ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से सामान्य चर्चा की। पंजाब में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कैप्टन अमरिंदर सिंह की नवगठित पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढिंढ़सा की शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है।

## एनएसई की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्णा 7 दिनों की सीबीआई हिरासत में

**नई दिल्ली:** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की गोपनीय सूचनाएं साझा करने के मामले में गिरफ्तार एनएसई पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्णा को 7 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट ने इस मामले के सह आरोपित आनंद सुब्रमण्यम की सीबीआई हिरासत 9 मार्च तक बढ़ा दी है। सीबीआई ने सोमवार को चित्रा रामकृष्णा को कोर्ट में पेश करके 14 दिनों का रिमांड मांगा। सीबीआई ने कहा कि चित्रा रामकृष्णा को एनएसई और सेबी के अधिकारियों के सामने बिठाकर पूछताछ करनी है। सीबीआई ने कोर्ट से कहा कि उसने चित्रा रामकृष्णा को आनंद सुब्रमण्यम के सामने बैठाकर पूछताछ की लेकिन चित्रा रामकृष्णा ने सुब्रमण्यम को पहचानने से इनकार कर दिया, जबकि दोनों के बीच करीब ढाई हजार ई-मेल का आदान-प्रदान हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने चित्रा रामकृष्णा को 6 मार्च को गिरफ्तार किया था।

# बिहार में दिल दहला देने वाली ऑनर किलिंग: ताऊ और चाचा ने हाथ-पैर पकड़े, पिता ने बेटी का गला रेता

**गोपालगंज:** बिहार के गोपालगंज में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पसंद के लड़के से शादी की जिद पर परिवार ने बेटी को खौफनाक मौत दी। बड़े पिता (ताऊ) और चाचा ने हाथ-पैर पकड़ा और पिता ने पहसुल (सब्जी काटने में उपयोग होता है) से गला रेत दिया। मां गुहार लगाती रही, बचाने की मिन्नतें करती रही, पर हत्यारों का दिल नहीं पसीजा। उन्होंने मां को भी पीटा। ऑनर किलिंग के बाद बेटी का शव घर के पास खेत में फेंक कर तीनों फरार हो गए। अब



पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। ऑनर किलिंग का यह मामला गोपालगंज के कोटवा गांव का है। मां कलावती देवी ने बताया, 'बेटी किरण (19) मशानथाना गांव के एक युवक से प्रेम करती थी। उसी से शादी करना चाहती थी। लड़का भी तैयार था, लेकिन किरण के पिता इंद्रदेव राम उसकी शादी कहीं और करना चाहते थे।' मां ने बताया, 'किरण ने अपने पसंद के लड़के से शादी की बात कही। परिवार को वह लड़का पसंद नहीं था। इस पर परिवार उसके खिलाफ हो गया। रविवार रात उसके पिता, उसके चाचा और बड़े पापा घर पहुंचे। सब उसको मारने-पीटने लगे। बेटी को बचाने आने पर मुझे भी पीटने लगे।'

किरण जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगी। मां बेटी के जान की भीख मांगने लगी, लेकिन आरोपियों का दिल नहीं पसीजा। बेटी को पकड़ लिया। चाचा अमरदेव राम और बड़े पिता आराझा राम ने हाथ-पैर पकड़ा और पिता ने गला रेत दिया। मौके पर ही किरण ने छटपटाते हुए दम तोड़ दिया।

## कंधार विमान हाईजैक से जुड़ा आतंकी जहूर मिस्त्री पाकिस्तान में मारा गया

**कराची (पाकिस्तान)** कंधार विमान हाईजैक के पांच अपहरणकताओं में से एक आतंकी जहूर मिस्त्री उर्फ जाहिद अखुंद को मोटरसाइकिल सवार दो हथियारबंद लोगों ने मौत के घाट उतार दिया। एक मार्च को मारे गए मिस्त्री को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उसके जनाजे में कई आतंकी भी शामिल हुए। जहूर मिस्त्री पिछले कई वर्षों से जाहिद अखुंद के नाम से कराची में रह रहा था। कराची की अख्तर कॉलोनी में वह लकड़ी का व्यापार करता था। उसका क्रिसेंट फर्नीचर नाम से शोरूम था। उसके जनाजे में रऊफ असगर सहित जैश-ए-मुहम्मद के खूंखार आतंकियों ने हिस्सा लिया। रऊफ असगर खूंखार आतंकी जैश सरगना मसूद अजहर का भाई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ हुआ है कि अखुंद की हत्या क्रिसेंट फर्नीचर के गोदाम में की गई। पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया समूह का कहना है कि वारदात हुई तो है पर उन्हें रिपोर्ट नहीं करने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि इंडियन एयरलाइंस के आईसी-814 विमान को 24 दिसंबर, 1999 को नेपाल से पांच आतंकवादियों ने हाईजैक किया था।

# झटका: अगले साल आठ फीसदी से कम रहेगी जीडीपी ग्रोथ

## भारत में शेयर बाजार से लेकर सोने की कीमतों तक पर युद्ध का प्रभाव पड़ता दिख रहा

**नई दिल्ली:** रूस-यूक्रेन के बीच बीते 11 दिनों से भीषण युद्ध जारी है। इस संघर्ष का असर भारत समेत दुनियाभर के कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता हुआ नजर आ रहा है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि चीन ने अपने इस साल के लिए अपने जीडीपी लक्ष्य को घटाकर तीन दशक में सबसे कम 5.5 फीसदी कर दिया है। भारत की बात करें तो यहां भी शेयर बाजार से लेकर सोने की कीमतों तक पर युद्ध का प्रभाव पड़ता दिख रहा है।





दूसरी ओर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने देश में महंगाई के खतरे को बढ़ा दिया है। इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले वित्त वर्ष देश की जीडीपी घटेगी।

**तेल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने की मांग:** रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ पर असर दिखाई देगा। युद्ध के आगे बढ़ने से सप्लाई चेन गड़बड़ा रही है। इसके साथ ही कच्चे तेल से लेकर गैस और सोने की कीमतों तक में उछाल आया है। जिससे आने वाले छह से आठ महीनों में देश में महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। इसके अलावा भी रिपोर्ट में वित्तीय दबाव और ज्यादा करंट अकाउंट डेफिसिट (सीएडी) समेत कई कारकों का जिक्र करते हुए अर्थशास्त्रियों ने वित्त वर्ष 2023 में देश की जीडीपी ग्रोथ 8 फीसदी से कम रहने की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने देश की जनता पर महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए तेल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने की मांग की है। रूस के हमले से जहां एक ओर यूक्रेन जल रहा है, तो वहीं कच्चे तेल की कीमतों में भी आग लगी हुई है।

# सीमा पर बीएसएफ जवान ने साथी को मारी गोली

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल से सटी भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपने साथी जवान को गोली मारने के बाद अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुदकुशी कर ली है। घटना मुर्शिदाबाद जिले के बॉर्डर आउटपोस्ट काकमारिची की है। यहां के सागरपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थिति बॉर्डर आउटपोस्ट पर 117वीं बटालियन में तैनात बीएसएफ जवान जॉनसन टोप्पो ने अपने एचजी शेखरन नाम के एक साथी जवान को अपनी सर्विस रिवाल्वर से पहले गोली मार दी और बाद में उसी रिवाल्वर से खुद को भी गोली मार



ली। गोलियां चलने की आवाज सुनने के बाद अन्य जवान भी मौके पर पहुंचे तो दोनों को खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा देखा। दोनों को तुरंत सागरपाड़ा के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया है।

बीएसएफ के दक्षिण बंगाल के प्रवक्ता रवि रंजन ने बताया कि स्थानीय रानीनगर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज हुई थी, जिसमें दोनों को साक्षी के तौर पर बयान देने के लिए बुलाया गया था। इसी बात को लेकर संभवत दोनों में कहासुनी हुई है। फिलहाल प्रारंभिक तौर पर यही बात सामने आई है। सभी तथ्यों को समझने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। घटना के बाद दक्षिण बंगाल सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक आईपीएस डॉ अतुल फुलजले तथा बहरामपुर सेक्टर के डीआईजी करणी सिंह शेखावत मौके पर पहुंच गए।

## खबर संक्षेप

### धमकाने पर तीन पर मुकदमा

**प्रयागराज।** साउथ मलाका के रहने वाले अभिषेक गुप्ता ने तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में मारपीट गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि छह मार्च को अनिल गुप्ता, विष्णु और अंकित पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। अभिषेक ने तुरंत ही 112 नंबर पर कॉल कर दिया लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही तीनों आरोपी भाग निकले। पुलिस पूछताछ करके चली गई। अब इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

### श्रीराम कथा 9 मार्च से बीबीपुर हनुमान मंदिर पर

**प्रतापपुर।** श्री यतीन्द्र वेदान्त देशिक सत्संग सेवा संस्थान के तत्वावधान में वैदिक सनातन संस्कृति एवं जन कल्याण हेतु नौ मार्च दिन बुधवार से बीबीपुर हनुमान मंदिर के परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है।कथा का वाचन पूज्य प्रवाचिक माधवी जी करेंगी।उक्त आशय की जानकारी मुख्य व्यवस्थापक अनंताचार्य जी ने देते हुए लोगो को कथा में शामिल होने की अपील की है।

# आशा एंड कंपनी के मालिक ने छत पर बने स्टोर रूम में लगाई फांसी, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के बड़े व्यापारी और आशा एंड कंपनी के मालिक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सोमवार सुबह घर में ही छत पर बने स्टोर रूम में फांसी पर लटका शव मिला। आनन-फानन में घर वालों ने शव को फंदे से उतारा और एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच की जा रही है।





घटना के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ व मृतक अशा कंपनी के मालिक की फोटो

**परिवार के लोग फांसी लगाने का कारण से नहीं बता पा रहे**

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के राजापुर में आशा एंड कंपनी के मालिक प्रवीण मालवीय (60) का मकान है। परिवार वालों का कहना है कि रात में खाना खाने के बाद वह सोने चले गए। सुबह उठे, लेकिन रोज की तरह मार्निंग वॉक पर नहीं गए। सीधे वह छत पर चले गए। लोगों ने सोचा की छत पर टहल रहे होंगे। काफी देर तक जब वह छत से नीचे नहीं आए तो छत पर देखा गया। छत पर बने स्टोर रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो उनका शरीर फांसी से लटक रहा था।आनन-फानन परिवार के वालों ने फांसी से फंदा काटकर कटरा स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइंस थाने के इंस्पेक्टर रविंद्र यादव का कहना है कि प्रवीण मालवीय ने फांसी लगाकर जान दे दी है। अभी परिवार के लोग भी नहीं बता पा रहे हैं कि उन्होंने आखिर सुसाइड क्यों की है। फिलहाल जांच की जा रही है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**आशा एंड कंपनी बनती है बड़े आयोजन की आवाज**

आशा एंड कंपनी की स्थापना 1940 में हुई थी। इस समय इसके मालिक प्रवीण मालवीय थे। आशा एंड कंपनी का साउंड सिस्टम प्रयागराज सहित नासिक, हरिद्वार और उज्जैन के कुंभ, महाकुंभ और प्रयागराज के माघ मेले में लगता है। इसके अलावा किसी भी बड़े सरकारी कार्यक्रम में आशा एंड कंपनी की अहम भूमिका रहती है।

# गुड़िया हत्याकांड में दफन हो गए कई राज!

**अखंड भारत संदेश**

**धोखे में रख कर चार बच्चों की मां का किया गया कत्ल, हत्यारे ने तो प्रेमिका से पिंड छुड़ाने के लिए प्यार को किया दरकिनार, अकेले हत्या करना हैवी बॉडी महिला को मौत चर्चे में**



मृतका गुड़िया कोल



प्रेमी कातिल पप्पू

**कोराव।** कोरांव में गत दो मार्च की रात्रि में गुड़िया कोल नामक महिला की हत्या धोखे में प्यार का इजहार कर विश्वास में ले कर आशिक मिजाज प्रेमी पप्पू पटेल ने हर दीहा माइनर पर शराब पिला कर मुल्के अदम पहुंचा दिया। उक्त खुलासा पुलिस ने हत्यारे से बयान के बाद किया। उक्त घटना के आरोपी पप्पू पटेल पुत्र बेचन लाल पटेल ग्राम मुजरा थाना खीरी ने पुलिस द्वारा की गई पूंछ तांच के दौरान बताई। पहले पुलिस और मृतका के परिजन और मायके वाले अनभिज्ञ थे। किंतु मृतका के भाई ने जो तहरीर थाना कोरांव में दी,उस आधार पर पुलिस को सफलता मिली। वहीं यह भी चर्चा रही कि हत्यारे ने कुछ एक दो अपने साथियों को भी घटना को अंजाम देने के लिए बुलाया था। इसी कारण वह कतिपय ढंग से अपने स्थानीय थाना खीरी में आत्म समर्पण किया था और तब कोरांव पुलिस को सौंपा गया। और हत्यारे ने अन्य को बचाने के लिए सिर्फ खुद हत्या का जिम्मा अकेले ले लिया। क्योंकि यह भी चर्चा रही कि घटना स्थल पर शराब पीने के लिए और भी प्लास्टिक की गिलाशें थीं। और महिला के साथ जी भर कर बेजा हरकतें भी की गई थीं,जिसकी गवाही उसके शरीर के अन्य अंगों गाल आदि दे रहे थे। और इतना शरीर से मजबूत भी प्रेमी नहीं था कि अकेले उक्त महिला गुड़िया को मौत के घाट उतार सकता था। फिलहाल पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकद्दमा नामजद दर्ज कर गिरफ्तारी दिखा कर जेल भेज दिया। घटना स्थल से लाश के साथ कुछ चीजें भी बरामद सुबूत के तौर पर किया। उस महिला के साथ काफी समय से अवैध संबंधों की बात प्रकाश में मुलजिम ने बताई,और उसे पिंड छुड़ाने के लिए यह रास्ता अख्तियार किया। फिलहाल पप्पू पटेल ग्राम मुजरा थाना खीरी अपने बाप का इकलौता चिराग है। गुड़िया के संबंध पप्पू के यहां काम काज करते करते बन गए थे। और उसे कथित रूप से चूसने लगी थी,धन की लोभी महिला ने कथित तौर पे अन्य से भी संबंध बनाने लगी थी। जिसे पप्पू को राश नहीं आ रहा था। अंत में कोरांव से साथ बाइक से ला कर घर छोड़ने के बहाने कातिल पटेल ने शराब पिया उसे भी पिलाया तथा उक्त नहर के किनारे सुनसान में ले जा कर बाइक से धकेल दिया, मदहोश कर उसके सीने पर चढ़ कर गला रुमाल से खींच कर मार डाला। और लाश वहीं फेंक दिया। और घर चला आया था। ग्रामीणों के सुबह देखे जाने पर शोर शराबा हुआ और तब उसके पति राकेश कोल ने लाश की शिनाख्त किया और पुलिस को सूचना दी थी। किंतु हत्यारे पप्पू ने और कोई नहीं खुद अकेले हत्या की बात स्वीकारी,और पुलिस ने हत्या और एससीएसटी ऐक्ट के तहत वाद पंजीकृत कर जेल भेज दिया। मृतका के चार बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। लेकिन गुड़िया से पिंड छुराने के लिए पप्पू पटेल को यह घटना को अंजाम देना सस्ता पड़ा या मंहगा,ये वो खुद पश्चाताप कर रहा होगा। क्योंकि कातिल या अपराधी कोई न कोई कमी छोड़ जाता ही है जिससे वह कानून के फंदे में आ ही जाता है। प्रेमिका तो मुल्के अदम चली गई और कातिल प्रेमी जेल की सलाखों में। दोनों की और दोनो पक्षों की जिंदगी बर्बाद हो गई।

# तीन साल बाद तीन लोगों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** भाभी ने अपने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए अपनी ननद और उसके पति सहित तीन लोगों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर तीन साल बाद हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रोझियात निवासनीय सुमन देवी पत्नी स्वर्गीय लालजी का आरोप है कि उसके पति लालजी को उसकी बहन ऊषा सिंह पत्नी राजेन्द्र उर्फ अदालती ने नौकरी दिलवाने के बहाने 24 मार्च 2018 को अपने ससुराल ग्राम हरदुआ थाना चरवा जिला कौशाम्बी ले गयी । सुमन देवी का आरोप है कि एक माह बाद उसके पति का शव जंगल में मिलने की सूचना दी गई । वह मौके पर पहुंच गई तो सभी लोग बीमारी के कारण मौत की बात कही तथा उससे सादे कागज पर अंगूठा लगवा लिया गया । और लालजी के लाश को बिना पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया । वह रोती बिलखती रही सभी ने उसे मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दिए। वह अपने घर रोझियात आ गई। सुमन देवी का आरोप है कि तमाम अधिकारियों के यहां वह न्याय की गुहार लगाई परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उसने न्यायालय में इंसाफ की गुहार लगाई न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने हत्या और शव छिपाने एंव सादा कागज में अंगूठा लगाने फ्राड की धाराओं सहित सोमवार को ऊषा सिंह और उसके पति राजेन्द्र उर्फ अदालती तथा परिवार के बेनी प्रसाद सभी निवासी ग्राम हरदुआ थाना चरवा जिला कौशाम्बी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है । पुलिस का कहना है कि अभी तक जांच में मामला बीमारी के कारण मौत की बात सामने आयी है।

# जरा सी लापरवाही में चले गए 50 हजार

**अखंड भारत संदेश**

**हाथ मलता रह गया भुक्तभोगी, शंकरगढ़ पुलिस से मांगी मदद**



**शंकरगढ़ पुलिस ने शुरू की छानबीन, वीडियो में दिखा संदिग्ध**

**शंकरगढ़।** बैंक से पैसा निकालकर घर जाने की फिराक में रहे युवक की जरा सी लापरवाही भारी पड़ गई और 50 हजार रुपये देखते ही देखते चले गए। यह मामला शंकरगढ़ की बीओबी शाखा के सामने का है। रुपया हाथ से चले जाने के बाद भुक्तभोगी शंकरगढ़ थाने पहुंचा और पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने छानबीन शुरू की, जिसमें पता चला कि बाइक में रुपये से भरा बैग किसी संदिग्ध ने उठाया और चला गया। जानकारी के मुताबिक लालापुर थाना क्षेत्र के डेराबारी का रहने वाला लोकनाथ पाल पुत्र हरिलाल पाल मुंबई में रहकर सिलाई का कार्य करता है। वह बीते 12 फरवरी को ही घर आया है। लोकनाथ पाल के मुताबिक वह इन दिनों घर पर निर्माण का कार्य करवा रहा है। इसके लिए आज वह पैसा निकालने के लिए शंकरगढ़ आया था। लोकनाथ ने बताया कि पहले उसने एसबीआईआई के एटीएम से 25 हजार रुपये निकाले और इसके बाद वह बीओबी की शाखा में पहुंचा, जहां उसने विड्राल फार्म भरकर 25 हजार रुपये और निकाले। भुक्तभोगी के मुताबिक उसने 50 हजार रुपये बैग में रखे और बाहर निकल आया। इसी दौरान उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया तो वह रुपये से भरा बैग बाइक में टांगकर बात करने लगा। इसी दरम्यान किसी ने उसका बैग पार कर दिया। थानाध्यक्ष शंकरगढ़ बृजेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच में कोई संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर जाता दिख रहा है। इसकी जांच की जा रही है।

# होली पर प्रेम बढ़ाएं बैर नहीं : विमल किशोर

**पीस कमेटी की बैठक में बोले क्षेत्राधिकारी बारा समस्याओं के त्वरित निदान का दिया आश्वासन**

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** होली व अन्य पर्वों के मद्देनजर सोमवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन शंकरगढ़ थाना परिसर में किया गया। पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता सीओ बारा विमल किशोर मिश्र ने की। उन्होंने कहा कि होली प्रेम बढ़ाने वाला त्योहार है। इसे मिलजुलकर मनाएं। इस दौरान आई शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन देते हुए उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी लोग होली का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग दें।

पीस कमेटी की बैठक में सबसे पहले लोगों की समस्याएं सुनी गईं, जिसमें लोगों ने बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में लोग होली के दिन शराब पीकर उत्पात करते हैं, इससे लड़ाई-झगड़े की नौबत बन जाती है। इसके अलावा लोगों ने साफ-सफाई, पानी आदि की शिकायतें गिनाईं। इस पर सीओ बारा विमल किशोर मिश्र ने कहा कि मतगणना के समाप्त होने के तत्काल बाद ही सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

कहा कि सभी लोग होली दोपहर के बाद न खेलें। राहगीरों पर रंग न डालें। खतरनाक केमिकल का प्रयोग न करें। होलिका दहन स्थल को लेकर नये स्थान का चुनाव न करें और किसी भी तरह की समस्या या शिकायत होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। एसओ शंकरगढ़ बृजेश सिंह ने भी सभी से शांतिपूर्ण माहौल में रंगों का पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र केसरवानी, रतन केसरवानी, जय केसरवानी, राजेश कुमार, सुजीत केसरवानी, अरविंद केसरवानी, सार्थक गुप्ता, प्रधान शेर सिंह, प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्र, प्रधान पिंटू सिंह, फैजान अहमद, शैलेंद्र सिंह, सुभाष, गोरेलाल सिंह, कमलेश सिंह, संजीव कुमार मिश्र, बंटी केसरवानी, मनोज त्रिपाठी, मनोज केसरवानी, टमाटर गुरु आदि मौजूद रहे।

# ग्राम्य विकास में स्वीकृति और रेशियो का खेल


**अखंड भारत संदेश**

**टेक्निकल और कार्य स्वीकृति के बाद वित्तीय स्वीकृति के अभाव में ग्राम पंचायतों का समग्र विकास अधर में,श्रमिक और ग्राम प्रधान असंतुष्ट**

**रत्योरा।** ग्राम पंचायतों द्वारा समग्र विकास का सपना देखने और करने वालों को विभिन्न पहूओं से गुजरना पड़ रहा है। जिससे विकास की रफ्तार ठप हो जा रही है जिससे श्रमिकों के सामने भी जीविका तथा कार्य की समस्या उत्पन्न हो गई है।

दरअसल ग्राम पंचायतों ने मनरेगा से जितने कार्य प्रस्तावित किए हैं,उनमें सबसे पहले आइडी बनवानी जरूरी है। उसके बाद स्टिमेट फिर टेक्निकल सेंकशन, फिर कार्य की वित्तीय स्वीकृति तब जा कर काम चालू करने की नौबत आती है। मनरेगा की यह स्थिति हैं कि छ छ माह से निर्माण कार्य सामग्रियों और श्रमिकों की मजदूरियां नहीं मिल पा रही हैं। जबकि स्वीकृति के नाम पर इंजीनियर्स से ले कर ब्लॉक और जिले स्तर तक ग्राम पंचायतें किसी से उधार या कर्ज ले कर सुविधा सुल्क पहुंचाते हैं। ब्लॉक कोराव में तो मनरेगा कार्य के लिए कई प्रोजेक्ट की स्वीकृतियां दी जा चुकी हैं। किंतु इसी बीच खंड विकास अधिकारी रमाशंकर सिंह का तबादला हो गया। और उनके बाद आ गए मुकेश कुमार सिंह। इन्होंने जिला से लेकर ब्लॉक और फिर ग्राम पंचायत स्तर तक कच्चे पक्के कार्य का रेशीयो देखना शुरू कर दिया। जिससे कई गांवों के विकास कार्य की रफ्तार तीव्र होनी थी वह धीमी हो गई या फिर ठप हो गई। किंतु प्रोजेक्टों की स्वीकृति जिले या ब्लॉक से जो होनी थी उसकी कीमतें यानी सुविधा शुल्क तो दी ही जा चुकी हैं। आखिर उसकी भरपाई कौन करेगा। प्रधान या सप्लायर सब रकम फंसा कर परेशान हैं। और अब प्रधान संगठन उक्त समस्याओं को ले कर जिला स्तर के अफसरों से विचार विमर्श करने को प्लान बना रहा है। जिससे विकास की गति न धीमी हो और न ही तो श्रमिकों के सामने भूंखमरी की समस्या उत्पन्न हो। ग्राम प्रधानों का रोना है कि मजदूरी जल्दी नहीं मिलती, जिससे श्रमिक प्रधानों का खोपड़ा चाटते हैं। सरकारी मजदूरी के बजाय मजदूरी अपने पास से बढ़ा कर तब कार्य करवा रहे हैं। मजदूर मनरेगा की मजदूरी रेट 204 रुपए प्रतिदिन की दर से होने के कारण काम नहीं करते। उन्हे तीन सौ या ढाई सौ रुपया प्रतिदिन कई ग्राम प्रधान दे कर कार्य करा रहे हैं। सामग्रिया मंहगी होती जा रही हैं। किंतु सरकारी रेट सामग्री और मजदूरी का वर्ष 2014 के जमाने का ही स्टिमेट कायम है। जो वर्तमान रेट से काफी मंहगा है। सरकार अपने ही प्रोजेक्ट के लिए सीएसटी जीएसटी इतना अधिक ले ले रहीं है कि टैक्स के अलावा सुविधा शुल्क कमीसन में ही सारा सरकारी धन चला जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत विकास कार्य को ले कर तथा गांव में बदनामी को ले कर चिंतित हैं। सरकार द्वारा एनआरएलएम के तहत अधिक से अधिक कार्य कराए जाने पर अफसरों पर दबाव दे रही है। जिससे ब्लॉक अधिकारी ग्राम पंचायतों पर उक्त कार्यों का दबाव बना रहे हैं। फिर भी सम्यांतर्गत श्रमिकों का एवं सामग्रियों के भुगतान नहीं हो पा रहा, जिससे ग्राम प्रधानों में आक्रोश है।

**क्या बोले ग्राम प्रधान**



मेरे ग्राम पंचायत अल्हवा में तत्कालीन बीडीओ रमाशंकर सिंह जी ने मनरेगा पार्क के लिए भूमि व्यवस्था कर तत्काल कार्य कराए जाने का दबाव बनाया था। जिसके लिए हमने भूमि भी उपलब्ध कराई। कार्य की आइडी भी बनी,जिले से टेक्निकल सेंकसन भी ली गई। अध्यक्ष जिला पंचायत प्रयागराज डाक्टर वी के सिंह ने 29 अक्तूबर 21 को शिलान्यास भी कर दिया। किंतु वर्तमान बीडीओ मुकेश सिंह जी रेशिओ की समस्या बता कर पार्क निर्माण कार्य की अभी तक अनुमति नहीं दी। जिससे निर्माण कार्य नहीं चालू हो पा रहा। किंतु जिले से जो स्वीकृति ली गई अर्थव्यवस्था चौपट हुई,उसका जिम्मेदार कौन होगा।एनआरएलएम के तहत नाली निर्माण कार्य कराया गया उसका भी समय से धन नहीं मिल पा रहा। श्रमिकों की मजदूरी की समस्या उत्पन हो गई है।

**अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव प्रयागराज**



यदि ग्राम पंचायतों में पंजीकृत मनरेगा जॉब कार्डों की संख्या के अनुसार सरकार बजट निर्धारित कर दे तो पंचायतें उक्त बजट के अनुसार ही अपनी कार्य योजनाएं तैयार करें। या फिर जीतनी कार्य योजनाएं तैयार की जाएं तो उस अनुसार बजट मिले, तब ग्रामों के विकास और भी बेहतर हो सकें।

**रामानुज सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतीय प्रधान संगठन कोरांव प्रयागराज**

## न्यूज झरोखा

### जीव मुक्त के लिए जाप तप मुख्य साधन हैं : आचार्य सत्यव्रत



**सहसों।** जगत में जीव अच्छे कर्म, अच्छे व्यवहार एवं प्रभु भक्ति साधना के लिए इस धरती पर आता है परंतु यहां पर आकर जीव सांसारिक बंधन में फंसकर सब भूल जाता है। सिंगरामऊ गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य सत्यव्रत शुक्ल महाराज ने कहा कि भगवान का नित्य जाप तप करने से अंत समय में मुक्ति का साधन बनता है। उन्होंने कहा ईश्वर आराधना से ही मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं तथा कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने जड़ भरत की कथा तथा भक्त प्रहलाद की कथा का रसपान कराते हुए कहा प्रहलाद सहृदय प्रभु को याद किया तो खंभे में प्रकट होकर के प्रहलाद की रक्षा की तथा नरसिंह का रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का उद्धार किया। भगवान नाम की महिमा अपरम्पार है। सभी को शुद्ध मन, चित्त से सदैव मनन करना चाहिए। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान रामअभिलाष शुक्ल सहित भक्तों ने व्यासपीठ की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। कथा श्रोता में मुख्य रूप से ब्रह्म दत्त पांडे, राम चंद्र श्रीवास्तव, सुरेश चंद श्रीवास्तव, राम लखन मिश्रा, राजकुमार दुबे, शिव प्रकाश त्रिपाठी, रमेश कुमार द्विवेदी,प्रमोद आजाद, शेषमणि शुक्ला ,चिंतामणि शुक्ला, राजन शुक्ला, दीप नारायण, सूर्य नारायण मिश्रा, सूर्यमणि दुबे, दीपक दुबे, सुरेश चंद्र मिश्रा, कमलेश मिश्रा, चंद्र मणि तिवारी जटाशंकर त्रिपाठी आदि ने कथा श्रवण किए।

### महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न



**सहसों।** क्षेत्र के गुलालपुर हेतापट्टी स्थित महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को विद्यालय के वार्षिक उत्सव पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा वाद संवाद, नृत्य सहित संगीत मय रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ता के रूप में कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा बच्चे ही देश व समाज तथा अपने माता पिता का नाम गौरवान्वित करते हैं इनके सर्वांगीण विकास के लिए अच्छी शिक्षा, संस्कार बहुत ही आवश्यक होती है। हर माता-पिता की इच्छा होती है कि हमारे बच्चे अच्छे संस्कार, शिक्षा ग्रहण कर समाज व राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बने ताकि माता पिता के साथ साथ समाज व देश एवं गुरुजनों का नाम रोशन हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति की सराहना करते हुए भाव विभोर होकर उपस्थित डॉ प्रयाग दत्त त्रिपाठी प्राचार्य सरस्वती सीता महाविद्यालय ने बच्चों को मिष्ठान के लिए 11हजार की नगद धनराशि विद्यालय को भेंट किया। रमेश कुमार द्विवेदी, प्रमोद नारायण मिश्र, कमलाकांत शुक्ला तथा विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश त्रिपाठी के हाथों बच्चों का उत्साहवर्धन के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया। विद्यालय के निदेशक कृष्णा त्रिपाठी व प्रधानाचार्य मूलचंद जी ने उपस्थित अतिथियों एवं आए हुए अभिभावकों स्वागत करते हुए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रयाग महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राम दत्त तिवारी, शालिग्राम दयाराम शास्त्री इंटर कॉलेज के प्रबंधक वेदमणि तिवारी व प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष तिवारी सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### भण्डा गांव के मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया



**जंघई।** जंघई से सटे भदोही जनपद के भण्डा गांव में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के अतर्गत अंतिम चरण में मतदाताओं ने जोश खरोश के साथ मतदान किया मतदान शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुआ। जिससे पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस महसूस की है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष भदोही अनिरुद्ध त्रिपाठी, परमेंद्र बहादुर सिंह, साहब तिवारी, मुन्ना सिंह, गगलू सिंह, आलोक सिंह, गौरव राजपूत, प्रतिक सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बभनियांव गांव के मतदाताओं ने अपना मतदान किया



**जंघई।** बभनियांव ग्राम सभा के मतदाताओं ने मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु अपने अपने राजनैतिक दलों को मतदान किया। जिसमें महिलाएं, पुरुष एवं नौजवानों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के अतर्गत अंतिम चरण में मतदाताओं ने जोश खरोश के साथ मतदान किया मतदान शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुआ। जिससे पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस महसूस की है।

### जितेन्द्र कुमार दुबे भाजपा श्रमिक प्रकोष्ठ के जंघई मंडल प्रभारी नियुक्त



**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के जिलाध्यक्ष अश्विनी दुबे की सहमति से जिला संयोजक गंगापार श्रमिक प्रकोष्ठ चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा बरियांवा गांव निवासी जितेन्द्र कुमार दुबे को भाजपा श्रमिक प्रकोष्ठ जंघई मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है पार्टी ने जितेन्द्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पार्टी एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की है।

### गर्भवती महिला ने एंबुलेंस में दिया शिशु को जन्म, 102 एम्बुलेंस मे हुआ सुरक्षित प्रसव



**मेजा रोड।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झड़ियाही निवासी रामपति की पत्नी सुखना 09 महीने की गर्भवती थी जिसको अचानक बीती रात प्रसावपीड़ा सुरु हो गयी। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। इस पर रामपति ने तुरंत 102 मे फोन मिलाया कॉल करने के बाद 15 मिनट मे मेजा समुदायिक मे तैनात 102 एम्बुलेंस उनके घर पहुंच कर गर्भवती महिला की स्थिति देखते हुए एम्बुलेंस में तैनात ईमटी सुघर सिंह और पायलट अजय कुमार ने तुरंत एम्बुलेंस मे गर्भवती महिला को शिफ्ट कराया और प्राथमिक उपचार देते हुए महिला का सुरक्षित प्रसव एम्बुलेंस में ही कराया। जिससे प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ है। साथ ही अन्य उपचार के लिए मेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया गर्भवती महिला के परिजनों ने जीवन दायिनी कर्मचारीयों के प्रति आभार व्यक्त जताया।

## खबर संक्षेप

### रायइनायत में हुई पीस कमेटी की बैठक

**प्रयागराज।** होली एवं शबे बारात पर्व के मद्देनजर सरायइनायत थाने में फूलपुर सीओ राम सागर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में देवरिया एवं चकिया घराहरा गांव में होलिका स्थल के पुराने विवाद को एक बार फिर सुलझाने का प्रयास किया गया। सीओ ने थानाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे को उक्त दोनों गांवों में दरोगा की उपस्थिति में होलिका दहन कराए जाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधान संघ के प्रदेश महासचिव विजय सिंह पटेल, जिपंस भूपेंद्र सिंह पिंटू, ग्राम प्रधान रामबाबू सिंह, वाहिद अली, शहाबुद्दीन, मो अब्दुल्ला, अशर्फीलाल, ठाकुर देवराज सिंह धर्मेंद्र जयसवाल, विकास केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# वाराणसी के शुभम हत्याकांड में लापरवाह पुलिस अफसरों पर राज्य सरकार ले एक्शन: हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वाराणसी के लापता शुभम केसरी व रवि पांडेय की मिजार्पुर में हत्या के बाद लाश जलाने की जांच सीबीआइ को सुपुर्द करने के बाद बंधक की पेशी के लिए दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निस्तारित कर दी है। हाई कोर्ट ने वाराणसी की चौकस कोतवाली, जैतपुरा, पांडेपुर व अपराध शाखा के लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर छोड़ दिया है। पहले ही एसआइटी व राज्य सरकार को 18 जनवरी 2021 को दर्ज एफआइआर की जांच पत्रावली सीबीआइ को सुपुर्द करने का निर्देश जारी हो चुका है। कोर्ट ने सीबीआइ से हत्या मामले की यथाशीघ्र जांच पूरी करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केशरवानी व न्यायमूर्ति शमीम अहमद की खंडपीठ ने शिवम केशरी व अन्य की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है।



हाई कोर्ट की फटकार के बाद की गई थी गिरफ्तारी

इस मामले के अनुसार याची ने 26 अक्टूबर व 31 दिसंबर 2020 को शुभम केसरी के लापता होने की शिकायत चौक थाना वाराणसी से किया था। पुलिस ने सुनील निगम व गौरव निगम के नामजद होने के बावजूद कोई विवेचना नहीं की तो याची ने हाई कोर्ट की शरण ली। पांच जनवरी 2021 को हाई कोर्ट के आदेश के बाद वाराणसी पुलिस जीडी में लापता रिपोर्ट दर्ज कर चुप्पी साधे रखी। 15 जनवरी को मिजार्पुर में दो लोगों की अधजली लाश बरामद हुई। पता चला वह लापता शुभम केसरी व रवि पांडेय की लाश है। पहचान छिपाने के लिए हत्या कर लाश जला दी गई। इस पर कोर्ट ने एसएसपी वाराणसी को कड़ी फटकार लगाई तो 19 जनवरी को सुनील निगम की गिरफ्तारी की गई। लापता केसरी की मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे बरामद की गई, लेकिन उसे किसके कब्जे से बरामद किया नहीं बताया गया। यह भी नहीं बताया कि लापता होने की नामजद रिपोर्ट के बाद भी विवेचना क्यों नहीं की गई। मिजार्पुर पुलिस ने वाराणसी एसटीएफ को केस स्थानांतरित किया।

### वाराणसी पुलिस की भूमिका पर तीखी टिप्पणी

हाई कोर्ट ने एसएसपी व वाराणसी के थानों की पुलिस की भूमिका को संदेहास्पद करार देते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। सरकार को पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि पुलिस ने ड्यूटी के पालन में घोर लापरवाही बरती और जीवन के मूल अधिकारों का हनन किया। कोर्ट के निर्देश की अवहेलना की। अपर महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जांच सीबीआइ को सुपुर्द की जा रही है। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की कि इससे पुलिस विवेचना की विश्वसनीयता घटी है। लापता होने की रिपोर्ट की ईमानदारी और निष्पक्ष विवेचना नहीं की गई। ऐसी पुलिस अपराध की विवेचना करने लायक ही नहीं है। सरकार से जब पूछा गया कि लापरवाह पुलिस के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई तो अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कहा कि सरकार एक्शन लेगी।

## कार में युवती के साथ सामूहिक दरिंदगी का दर्ज हुआ केस

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित प्रापर्टी डीलर को बस स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। पिछले वर्ष एक युवती ने प्रापर्टी डीलर और उसके साथियों पर चलती कार में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में अभी नामजद दो और आरोपित हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।बलिया जनपद की रहने वाली युवती ने पिछले वर्ष 17 नवंबर को सिविल लाइंस में तहरीर दी थी। उसने बताया था कि प्रतापगढ़ जनपद के उदयपुर क्षेत्र में मनौती गांव निवासी दीपक पाल प्रापर्टी डीलर है। वह नैनी के डांडी स्थित एक अपार्टमेंट में रहता है। उसने प्रापर्टी दिलाने के लिए उससे 26 लाख रुपये लिए थे, लेकिन प्रापर्टी नहीं दिलाई। रुपये वापस मांगने पर वह गोलमोल जवाब देने लगा। दबाव बनाने पर 23 अगस्त 2021 को उसने फोन किया और पैसा वापस करने के लिए सिविल लाइंस स्थित डीआरएम आफिस के पास बुलाया।

### कार में बैठाकर दो साथियों संग मिलकर किया यौनाचार

युवती का आरोप है कि वह सिविल लाइंस में उस जगह पहुंची तो उसे दीपक ने कार में बैठा लिया। उसमें दीपक के साथ दो और लोग थे। इसके बाद चलती कार में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। नए यमुना पुल के पास जाम लगने की वजह से दीपक ने कार रोकी, तभी मौका पाकर वह भाग निकली। नैनी थाने में शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उच्चाधिकारियों से मिली, तब जाकर सिविल लाइंस पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस काफी समय से आरोपितों की तलाश में लगी थी। इंस्पेक्टर वीरेंद्र यादव ने बताया कि आरोपित दीपक पाल के बारे में जानकारी मिली कि वह सिविल लाइंस बस स्टेशन के पास मौजूद है, जिस पर मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी दो कौन थे, वही बताएगा।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत रैली निकाल स्वच्छता का दिया संदेश

## गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग -अलग कर देने को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022के अन्तर्गत सोमवार को नीलकंठ एस ड्ब्ल्यू एम व कैरियर कन्सल्टेंट एसोसिएशन के तत्वावधान मे नगर के मुट्ठी गंज जोन के वार्ड नंबर 27 आजाद स्क्वायर के घरों में डोर टू डोर सफाई मित्र को गीला कूडा,व सूखा कूडा अलग करके देने की अपील की गयी, तत्पश्चात कुलभास्कर आश्रम पी.जी.कालेज के एन एस एस के छात्रों के सहयोग से एक स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली गयी जिसमे कालेज के छात्र, छात्राओं व संस्था के लोगो द्वारा हम सबने यह ठाना है,नगर को स्वच्छ बनाना है,का संदेश देते हुए जागरूक कर रहे थे,रैली बंगाली टोला के पानी टंकी से रामबाग नवग्रह मंदिर तक पहुंच कर समाप्त हुयी,तत्पश्चात उपस्थित छात्र, छात्राओं को संस्था समन्वयक उज्जवल पाण्डेय ने पोलिथिन का प्रयोग न करने व सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है,के बारे मे बताया सुपरवाइजर अर्चना ने उपस्थित लोगो से अपील की नगर को साफ रखने




स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत रैली निकालते लोग

व औरो को भी सफाई के लिए जागरूक करे की वो अपने घरो से नियमित निकलने वाले कूडे को गीला अलग व सूखा अलग करके ही सफाई मित्र को दे ,जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 मे अपने नगर को सफाई मे नम्बर वन बनाया जा सके यह कार्य सभी के सहयोग से ही सम्भव होगा उक्त अवसर पर सी सी ए संस्था के अजय पाल पूजा,नीलेश,नीलकंठ एस डब्ल्यू एम के प्रोजेक्ट हेड यतेंद्र सिंह एवं प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव श्रीवास्तव, प्रदीप मिश्रा एवं वार्ड सुपरवाइजर विजय मिश्र आदि मौजूद रहे।

### बर्खास्तगी के विरुद्ध वीडीओ भर्ती के अभ्यर्थियों की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोर्ट ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी भर्ती 2016 में पूर्व सैनिक आरक्षण कोटे के लिए निर्धारित योग्यता मानक सेवा योग्यता होगी। कोर्ट ने कहा कि पुलिस भर्ती व इसमें साम्यता नहीं है। नेवी से ली गई अनापत्ति स्थायी नहीं थी इसलिए याचियों को पूर्व सैनिक नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने याचियों की पूर्व सैनिक कोटे में आरक्षण के आधार पर नियुक्ति को शून्य माना और सेवा बर्खास्तगी के खिलाफ याचिका खारिज कर दी है।यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने बदायूं के सुधीर सिंह, वीरेंद्र कुमार व सुनील कुमार सिंह की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उप्र लोक सेवा (विकलांग, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित व पूर्व सैनिक आरक्षण) कानून की धारा 2(सी) को वैध करार दिया है। साथ ही कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 का उल्लंघन नहीं करती। याचिका के अनुसार उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 2016 में 3133 ग्राम विकास अधिकारियों की भर्ती विज्ञापित की। 18 जुलाई 2018 को याची इसके लिए चयनित हुए। पूर्व सैनिक कोटे में चयनित 70 अभ्यर्थियों को 15 दिन के प्रशिक्षण के लिए भेजा गया।19 मार्च 2019 को प्रशिक्षण पूरा हुआ। उसके बाद उनकी बदायूं, कासगंज, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, लखीमपुर व खीरी में नियुक्ति का आदेश जारी किया गया।

# निठारी कांड में सीबीआइ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में पेश की पीड़िताओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** निठारी कांड में नृशंस हत्या व दुष्कर्म के आरोपी सुरेंद्र कोली व सह अभियुक्त मनिंदर सिंह पंढेर की सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई 21 मार्च को होगी। कोर्ट के निर्देश पर सीबीआइ ने पीड़िताओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट दाखिल की। इस पर कोली के अधिवक्ता ने जानकारी प्राप्त करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने सीबीआइ अधिवक्ता संजय यादव से कहा कि इस दौरान ऑटोप्सी रिपोर्ट मूलरूप में पेश करें, बशर्ते किसी अदालत में पत्रावली के साथ संलग्न न हो। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज मिश्र व न्यायमूर्ति समीर जैन की खंडपीठ ने सुरेंद्र कोली की सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई करते हुए दिया है।

### कोर्ट ने सीबीआई अधिवक्ता को तीन मार्च तक का समय दिया था

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सीबीआइ को जवाबी हलफनामे के साथ पीड़िताओं की मांगी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोली की तरफ से अर्जी दाखिल कर पिंकी सरकार की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट पेश करने की मांग की गई है। इसी तरह कुल 15 केसों में पीड़िता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मांगी गई है। कोली का कहना है कि सीएमएस नोएडा डा. विनोद कुमार की देखरेख में किये गए पोस्टमार्टम, जिसकी रिपोर्ट सीबीआइ इंस्पेक्टर अजय सिंह को प्राप्त हुई है, उसे पेश करें। कोर्ट ने सीबीआई अधिवक्ता को तीन मार्च तक का समय दिया था।

### बच्चियों से दरिंदगी, हत्या, खून पीने का आरोप

कोली पर बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने, हत्या करके खून पीने, मांस खाने का आरोप है। इसमें सीबीआइ कोर्ट गाजियाबाद ने फांसी की सजा सुनाई है। निठारी नाले में नर कंकाल मिलने के बाद जांच में दर्जनों बच्चियों के साथ दुष्कर्म व हत्या कांड का खुलासा हुआ था।



देवालय में दूध पीते नंदी

## महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने नंदी को पिलाया दूध...

**मेजा रोड।** विकास खंड उरूवा के जनवार गांव के शिव मंदिर में रविवार रात्रि को देखने को मिला जहां देवों के देव यानी कि महादेव के मंदिर में नंदी महाराज को श्रद्धालुओं ने दूध और पानी पिलाया। रविवार की शाम अचानक जानवर गांव के शिव मंदिर में भगवान शिव के वाहन नंदी द्वारा दूध पीने की जानकारी विभिन्न सोशल मीडिया से जब भक्तों को मिली तो वे हाथों में जल और दूध कलश में लेकर मंदिर में पहुंचे और अपने हाथों से चम्मच के द्वारा नंदी भगवान को दूध और जल पिलाया। इस दौरान मंदिर में हर-हर महादेव के जयकारे लगाए गए। मंदिर में पहुंच रहे लोग इसे बाबा भोलेनाथ का चमत्कार मान कर नंदी को दूध पिलाने के लिए जुटे रहे। श्रद्धालुओं का दावा है कि नंदी भगवान की मूर्ति जल और दूध पी रही है। उसी को लेकर भारी संख्या में महिला व पुरुष दूध पिलाने के लिए एकत्रित रहे। नंदी के दूध पीने के इस चमत्कार को देख ग्रामीण मंदिर में ही शिव चालीसा कर स्तुति करने लगे।

# पेयजल व स्वच्छता पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण चनैनी गांव में संपन्न

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत चनैनी गांव में प्राथमिक विद्यालय पर सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में यूनाइटेड के जिला सलाहकार शिवा कांत द्विवेदी ने पदाधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि ग्राम पंचायत पेय जल स्वच्छता समिति का गठन संविधान के 73 वें संशोधन अधिनियम में शामिल किया गया है, और यह संवैधानिक समिति हैं, यह ग्रामीणो को नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य करेगी, तथा निर्मित परसंपतियो का संचालन एवं रखरखाव आदि करेंगी ।जल जीवन मिशन के बारे




प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित समिति के पदाधिकारी

में जल जीवन उपलब्धता कराना मकसद है, प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी ने सभी सदस्यों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित व गांव के गणमान्य लोगों के प्रति आभार प्रगट किया।

### जिला मजिस्टेट एवं अपर जिला मजिस्टेट के द्वारा शुरू हुई मजिस्ट्रीयल जांच

**प्रयागराज।** नगर मजिस्टेट गौरव श्रीवास्तव ने बताया है कि सिद्धदोष बन्दी राम सेवक पुत्र प्यारे लोध, उम्र लगभग 59 वर्ष, निवासी कुटी मजरे रैन, थाना बछरांवा, जिला रायबरेली, उ0प्र0 की दिनांक 06/07.10.2021 की रात्रि 12:15 बजे, सिद्धदोष बंदी दौलत सिंह पुत्र धौकल सिंह उम्र लगभग 79 वर्ष, निवासी भानपुर, थाना मानिकपुर, जिला प्रतापगढ़, उ0प्र0 की दिनांक 06.12.2021 की अपरान्ह 16:15 बजे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में एवं विचाराधीन बन्दी त्रिवेणी प्रसाद उर्फ पुच्ची रमाशंकर उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी ग्राम लोनियापुर, थाना पट्टी, जिला प्रतापगढ़, हाल पता मीरा पट्टी, थाना धूमनगंज, जिला प्रयागराज, उ0प्र0 की दिनांक 01.12.2021 की अपरान्ह 14:32 बजे सर सुन्दर लाल चिकित्सालय बनारस हिन्दी विश्वविद्यालय, वाराणसी में हुई मृत्यु के प्रकरण में जिला मजिस्टेट एवं अपर जिला मजिस्टेट(नगर) महोदय के द्वारा मुझे मजिस्ट्रीयल जांच हेतु नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो, वह मेरे कार्यालय/न्यायालय में दिनांक 22.03.2022 तक कार्यालय समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

## पुरानी पेंशन देने पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा को निर्णय लेने का निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा को नई पेंशन योजना लागू होने से पहले चयनित, लेकिन बाद में नियुक्ति पाने वाले अध्यापक को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ देने के मामले में दो माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि कमलेश कुमार सनाकर केस के फैसले के तहत याची को सुनकर सकारण आदेश पारित करें। यह आदेश न्यायमूर्ति वीसी दीक्षित ने अजय कुमार विश्वकर्मा की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

### याची की कोई गलती नहीं, दी जाए पुरानी पेंशन

इस याचिका पर अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी ने बहस की। इनका कहना था कि याची की नियुक्ति लेडी प्रसन्न कौर इंटर कालेज बांसडीला, सरदार नगर, गोरखपुर में 24 सितंबर 2004 को नियुक्ति हुई, लेकिन प्रबंधक ने कार्यभार ग्रहण नहीं कराया। डीआइओएस के निर्देश पर नौ जुलाई 2005 को ज्वाइन कराया। 28 मार्च 2005 को अधिसूचना जारी कर प्रदेश में नई पेंशन योजना लागू कर दी गई। याची ने प्रत्यावेदन दिया कि उसकी नियुक्ति नई पेंशन योजना लागू होने से पहले कर दी गई थी किन्तु ज्वाइन करने में देरी की गई। इसमें उसकी गलती नहीं है, इसलिए उसे पुरानी पेंशन दी जाय। हाई कोर्ट ने इस मसले पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

## करोड़ों के डीएपी गबन मामले में प्रयागराज मंडल के आरएम और पूर्व प्रबंधक के विरुद्ध गैरजमानती वारंट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** डीएपी व यूरिया गबन के मामले में पीसीएफ प्रयागराज मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक व पूर्व जिला प्रबंधक के विरुद्ध कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। पुलिस ने जारी गैर जमानतीय नोटिस को आरोपितों के घर तामील करा दिया है। पीसीएफ के खजोहरी स्थित गोदाम से एक हजार मीट्रिक टन डीएपी व यूरिया गायब कर दी गई थी। डीएपी की किल्लत होने पर डीएम ने खजोहरी, बड?पुर व मीराभवन स्थित गोदाम के स्टाक की जांच कराया तो मामला सामने आया कि एक हजार मीट्रिक टन डीएपी गायब कर कर दी गई है।एक हजार मीट्रिक टन डीएपी व यूरिया गबन के मामले में पीसीएफ के जिला प्रबंधक धनंजय तिवारी ने तीनों गोदामों के भंडार नायक संतोष कुमार के खिलाफ नगर कोतवाली में गबन का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच की तो यह सामने आया कि इसमें पीसीएफ के पूर्व जिला प्रबंधक धीरेंद्र कुमार, मौजूदा पीसीएफ प्रयागराज मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार, साधन सहकारी समिति के आठ सचिव सहित दर्जन भर से अधिक लोगों की मिलीभगत है।इस मामले में पुलिस भंडार नायक संतोष कुमार, साधन सहकारी समिति के सचिव राजेश पटेल को भेज चुकी है।प्रतापगढ़ नगर कोतवाली पुलिस ने अन्य आरोपितों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार, पूर्व जिला प्रबंधक धीरेंद्र कुमार फरार चल रहे हैं। इस बीच कोर्ट ने प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार, पूर्व जिला प्रबंधक धीरेंद्र कुमार के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किया है।

# पुष्प प्रदर्शनी में मोती लाल उद्यान इकाई ने परचम लहराया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोमवार को आयोजित मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के अन्तिम दिवस में पुरस्कार वितरण का कार्य सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि मेजर जनरल जय सिंह बैंसला जी0ओ0सी0 (पूर्व यू0पी0 एण्ड एम0पी0) के कर कमलों द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंसला द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में त्रिवेणी प्रसाद, प्रभारी, मोती लाल उद्यान इकाई, राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज को सभी वर्गों में ओवर आल चैपियन हेतु रनिंग कप एवं रू0-21000/- धनराशि का चेक मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। सम्पूर्ण प्रदर्शनी के द्वितीय विजेता के रूप में उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज को शील्ड एवं रू0-11000/- धनराशि का चेक तथा सम्पूर्ण प्रदर्शनी के तृतीय विजेता के रूप में चैबे राम बैण्ड स्टैण्ड उद्यान इकाई , चन्द्रशेखर आजाद पार्क, कम्पनीबाग, प्रयागराज को शील्ड एवं रू0-5100/- का धनराशि का चेक दिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल बैंसला द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि ऐसी प्रदर्शनी वर्षों की मेहनत एवं लगन का परिणाम है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संजय कुमार खत्री जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा प्रदर्शनी के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि चन्द्रशेखर आजाद पार्क में उमड़ा जनमानस यह प्रदर्शित करता है कि लोगों का रूझान पर्यावरण व पेड़-पौधों के प्रति बढ़ा है। यह प्रदर्शनी प्रतिस्पर्धा के माध्यम से लोगों में जागरूकता एवं प्रकृति के प्रति प्रेम पैदा करने में सहायक होगी। उप निदेशक उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ने अपने सम्बोधन में कहा कि गत वर्षों की तुलना में इस वर्ष विभागों का विस्तार करते हुए पहली बार फोटोग्राफी एवं पेन्टिंग को सम्मिलित किया गया है जिसमें चित्रकला के लिए सर्वश्रेष्ठ विजेता का पुरस्कार राधा सिंह शान्तीपुरम, एवं आस्था तिवारी को प्रदान किया गया एवं फोटोग्राफी में सर्वश्रेष्ठ विजेता का पुरस्कार हसीना अंसारी बहादुरगंज, प्रयागराज को प्रदान किया गया। इस वर्ग में प्रतिभागियों द्वारा बहुत बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया है । अधीक्षक,राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज द्वारा बताया गया है कि 27 वर्गों में विभक्त प्रदर्शनी में के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करते हुए कहा गया कि जिन प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए उन्हें रू0-300/-एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को रू0-200/- उनके बैंक खातों में हस्तान्तरित किया जायेगा। विजेता प्रतिभागियों से अनुरोध करते हुए कहा कि दिनांक-09.03.2022 को प्रातः 10:00 से 02:00 बजे के मध्य आधार एवं बैंक खाता विवरण के साथ कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में उपस्थित हो जिससे कि विजेता प्रतिभागियों के खाते में धनराशि हस्तान्तरित किये जा सके उपरोक्त के अलावा कर्नल विन्द्रा, कर्नल त्यागी, आर0पी0 सिंह बघेल, अध्यक्ष जिला औद्यानिक उत्पादन एवं विपरण सहकारी समिति, डॉ0 सीमा सिंह राणा, जिला उद्यान अधिकारी, प्रतापगढ़ प्रो0 वी0एम0 प्रसाद, डॉ0 अतुल यादव, शुआट्स, नैनी, डॉ0 मनोज सिंह, डॉ0 जितेन्द्र प्रताप सिंह, पवन पाण्डेय, निखिल यादव आदि शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वी0 के0 सिंह औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, खुशरूबाग, प्रयागराज द्वारा किया गया।

## सीसीटीवी की निगरानी में होंगी यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगहबानी में होगी। बोर्ड ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रयोगशालाओं को दुरुस्त कर लें। प्रयोगात्मक परीक्षाएं मार्च के दूसरे सप्ताह से कराई जाएगी। प्रैक्टिकल के अंक बोर्ड को भेजना होगा।

### कोरोना संक्रमण से पिछले वर्ष नहीं हुई थी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा

कोरोना संक्रमण के कारण पिछले वर्ष प्रयोगात्मक परीक्षाएं नहीं हो पाई थीं। बगैर परीक्षा के ही परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण कर दिया गया था। इस बार कोरोना संक्रमण काबू में होने के बाद बोर्ड ने परीक्षा को आफलाइन कराने का निर्णय लिया है। इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा वीडियो कैमरे की निगरानी में होगी। इंटरमीडिएट परीक्षा में पंजीकृत संस्थागत व व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की अनिवार्य विषय खेल व शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा विद्यालय स्तर पर प्रधानाचार्य कराएंगे। सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग प्रधानाचार्य सुरक्षित रखेंगे और परिषद के मांगने पर क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

### हाईस्कूल की प्रयोगात?मक परीक्षा विद्यालय स्तर पर होगी

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा विद्यालय स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन के तहत होगी। वहीं, व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए जो कालेज प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्र बना है, वहां संबंधित विषयों के शिक्षक 50 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन के तहत देंगे और वाह्य परीक्षक भी इतने ही अंक दे सकेंगे।

# परिश्रम ही सफलता की कुंजीः प्राचार्य

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न


एनएसएस शिविर में बोलते वक्ता।

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश कुमार पांडे ने शिविर को संबोधित करते हुए तथा अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि विगत सात दिन से शिविर में प्रतिभाग करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविरार्थियों ने जो सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया है उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे तभी इस शिविर की सार्थकता सिद्ध होगी और यही सफलता का मूल मंत्र भी है।

उन्होंने कहा कि जीवन में अगर आगे बढ़ना है तो दिन रात परिश्रम करना पड़ेगा और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, लक्ष्य निर्धारित करके उस दिशा में ईमानदारी से कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ सरस्वती वंदना महाविद्यालय की छात्रा वंदना तथा काजल पांडे ने प्रस्तुत किया स्वागत गीत जूही तिवारी तथा काजल पांडे के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर आरबी अग्रहरि ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर अनुशासन में रहकर जीवन बिताने का गुण विकसित करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक शिव शेखर पांडे डॉक्टर सुनील मिश्र, श्याम नारायण मिश्र, रागिनी सोनकर, किरण वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्र तथा आभार ज्ञापन अतिथियों के प्रति डॉक्टर सुनील द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महिलाओ को स्वास्थ्य सम्बंधी परेशानियों से निपटने तथा उन्हें हेल्थ टिप्स देने के उद्देश्य से सोमवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में रायपुर रोड स्थित अर्चना हॉस्पिटल के सौजन्य से एक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आर बी अग्रहरी ने किया छात्राओं को संबोधित करते हुए अर्चना हॉस्पिटल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चना सिंह ने बताया कि महिलाओं से संबंधित तमाम प्रकार की स्वास्थ्य परेशानियो से निपटना आज एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि विश्व महिला दिवस के ठीक एक दिन पहले इस कार्यक्रम की उपयोगिता और भी बढ़ जाती है जब महिलाओं को कई चुनौतियों से जूझ रही है। आज महिलाओं को अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। कोविड-19 महामारी के समय सबसे ज्यादा महिलाएं प्रभावित हुई है। उन्होंने महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव शेखर पांडे ,मुक्ता मिश्रा, आकांक्षा सिंह तथा अर्चना हॉस्पिटल की स्टाफ जूही माधुरी सोनू पांडे समीर रजनीश मौर्य प्रिंस आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन रागिनी सोनकर ने किया।


दंत चिकित्सक को सम्मानित करते बीबीएफजी के पदाधिकारी।

## बीबीएफजी ने दंत चिकित्सकों को किया सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नेशनल डेंटिस्ट डे पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने रविवार को शहर के प्रमुख दंत चिकित्सकों को बुके भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर समाज में अपना योगदान दे रहे वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉक्टर रवि शंकर पांडेय, डॉक्टर अजीत सिंह, डॉक्टर सुधारकर सिंह, डॉक्टर अनुराग, डॉक्टर शमसुददोह को सम्मानित किया गया।इस दौरान चिकित्सकों ने आभार ज्ञापित किया। ग्रुप के सहयोगी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने बताया कि 1920 में कोलकाता में डेंटल कालेज की स्थापना हुई थी। इसकी शुरूआत डॉक्टर रफीउद्दीन ने की थी। उन्हें प्रथम दंत चिकित्सक कहा जाता है। उन्होंने बताया कि आज लोगों को दांत से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। दांत की सेहत सुधारने के लिए दंत चिकित्सक से समय समय पर परामर्श लेते रहना चाहिये। संचालन अरुण मिश्रा ने किया। अध्यक्षता अश्विनी केसवानी ने की।

## होली त्योहार को लेकर थानों में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के थाना नवाबगज, मानिकपुर , महेशगंज, व संग्रामगढ़ में होली के त्योहार को मद्देनजर रखते हुए थाना परिसर में दोनों समुदाय के प्रतिष्ठित लोगों की एक बैढक सम्पन्न हुई जिसमें 10 मार्च को मतगणना व होली के त्योहार को शांति पूवर्क ढंग से मनाने की पुलिस प्रशासन ने अपील किया और कहा कि शुक्रवार को होली पड़ने के कारण मुस्लिम भाइयों से रंग के समय दूर रहने की अपील किया। चुनाव परिणाम के दिन लोग चुनाव की बात भूल कर आपसी भाई चारा बनाये रखे। थाना क्षेत्र में होलिका दहन स्थल पर किसी प्रकार का कोई विवाद के बारे में जानकारी ली जिस पर लोगो ने किसी भी तरह का विवाद न होना बताया।

## मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये बैठक सम्पन्न

### आरओ व एआरओ को प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न


बैठक में मौजूद आरओ व एआरओगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विकास भवन के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में 10 मार्च को होने वाली मतगणना को सकुशल निष्पक्षता पूर्ण एवं अच्छे से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ नितिन बंसल व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़ ईशा प्रिया के आदेशानुसार प्रशिक्षण से छूटे हुए समस्त आरओ एवं एआरओ की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई।

बैठक में सुपर मास्टर के रूप में डॉ मोहम्मद अनीस एवं धर्मेंद्र कुमार ओझा द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डाक मतपत्रों की गणना, सर्विस वोटर्स के ईटीबीपीएस मतपत्रों की गणना और ईवीएम मशीन से मतों की गणना प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ओम प्रकाश मिश्र, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश, प्राचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी मनोज दुबे, जितेंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## आगजनी के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के ग्राम मिश्रन का पुरवा, नरई में गांव के ज्वाला प्रसाद की झोपड़ी (गौशाला) में आग लग गई थी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना संग्रामगढ़ पर मु0अ0सं0 51/2022 धारा 436, 429, 354क, 504, 506 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग में विवेचना/कार्यवाही के क्रम में थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 श्री सुनिल कुमार राय मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त नारेन्द्र मिश्र को थाना क्षेत्र के नरई चैराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# गैर भाजपा सरकार के गठन मे कांग्रेस की निर्णायक भूमिकाः प्रमोद

## यूक्रेन मे मोदी सरकार का रेस्क्यू अभियान का प्रयास विफल


प्रेसवार्ता करते सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी ने यूक्रेन मे भारतीय छात्रों के रेस्क्यू अभियान को लेकर उत्पन्न ताजा संकट को मोदी सरकार की अब तक की सबसे बड़ी कूटनीतिक प्रयासों की विफलता करार दिया है।

सोमवार को नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता मे प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारतीय बच्चे यूक्रेन मे भयंकर बमबारी के बीच पांच डिग्री तापमान मे भूख व प्यास से तड़पते बर्फ को पिघलाकर पानी पीते हुए जीवन को दांव लगाकर सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पार कर बार्डर क्रास कर रहे हैं। सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद के मुताबिक ऐसे मे जबकि बच्चे स्वयं यह दास्तां बयां कर रहे है कि भारत सरकार के रेस्क्यू ऑपरेशन मे देश के मेधावियों को यूक्रेन मे बस तक उपलब्ध नही हो रही है और तो और टेज्न मे बैठने पर यूक्रेन की सेना इन मेधावियों को ढाल बनाने के लिए बूटों व जूतों से मार रही है ऐसे मे बेशर्मी के साथ भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय मंत्रियों का मजबूर बच्चों से मोदी जिन्दाबाद के नारे लगवाना दुनिया के सामने भारत को शर्मसार कर गया है। यूपी मे विधानसभा चुनाव को लेकर दी गई प्रतिक्रिया मे प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सफाये की ओर है और प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन तय है। कांग्रेस की भूमिका के सवाल जबाब मे प्रमोद तिवारी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस आगामी दस मार्च के बाद प्रदेश मे गैरभाजपा सरकार के गठन मे निर्णायक भूमिका निभायेगी। वार्ता के दौरान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी भी मौजूद रहे। इसके पूर्व प्रमोद तिवारी ने मुस्तफाबाद, राजमतीपुर, घुइसरनाथ धाम, रानीगंज कैथौला मे भी आयोजित कार्यक्रमों मे शामिल हुए दिखे।

# वर्षा के पूर्व सफाई अभियान की शुरूआत हुई अचलपुर वार्ड से

## दो जेसीबी लगाकर नाले-नालियों की हुई व्यापक सफाई


जेसीबी से नाले की सफाई करते सफाई कर्मचारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने पूर्व नगर के सभी वार्डों व विस्तारित क्षेत्रों में क्रमबद्ध ढंग से नाले-नालियों की सफाई का कार्य वर्षा से पूर्व करने का संकल्प लिया है। इसके तहत आज सोमवार को अचलपुर वार्ड में एक बड़ी व एक छोटी जेसीबी लगाकर इस फाई अभियान की शुरूआत की गई।

बता दें कि नगर पालिका में कुल 25 वार्ड में हैं और अब नगर पालिका का विस्तारित क्षेत्र जुड़ने से कुल वार्डों की संख्या 31 हो गई है। हर वर्ष मार्च माह में नगर के नाले-नालियों की सफाई शुरू की जाती है जिससे वर्षा के पूर्व पूरे शहर के नाले-नालियों की सफाई पूरी हो जाए। इस वर्ष विस्तारित क्षेत्र के कारण मार्च के पहले हफ्ते में अचलपुर वार्ड में नाले-नालियों की व्यापक सफाई की गई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने वर्षा के पूर्व नगर के सभी नाले-नालियों का निर्देश अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह को दिया है जिसके अनुपालन में सोमवार को अचलपुर में सफाई का कार्य शुरू किया गया। इसके अलावा भैरोपुर वार्ड में एक छोटी जेसीबी मशीन लगाकर नाले-नालियों की सफाई की जा रही है। सफाई निरीक्षक ने बताया कि पूरे नगर के नाले-नालियों की सफाई का एक रोस्टर बना लिया गया है जिसकी क्रमबद्ध ढंग से सफाई की जाएगी।

# भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

## पुष्प वर्षा व भजन-संगीत से महकी कथास्थली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** महेशगंज के महेवा मलकिया मे श्रीमद्भागवतकथा ज्ञानयज्ञ के तहत सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कथास्थली बांके बिहारी के जयकारे से गुंजायमान हो उठी दिखी। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मधुरम बेला के कथाव्यास अनूपदेव जी महराज के छायांकन मे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रद्धालु महिलाओं ने यशोदा नंदन कन्हैया की मंगल आरती उतारी तो भगवान के जन्मोत्सव की खुशी मे भजन संगीत पर मनमोहक भाव-नृत्य का भी अनुपम प्रस्तुति मे मगन दिखीं।

कथा व्यास आचार्य अनूपदेव जी महराज ने भगवान के प्राकट्य का मर्म समझाते हुए कहा कि भगवान ने स्वयं कहा कि जब-जब धरा पर धर्म की हानि होगी अधर्म के विनाश के लिए मैं स्वयं अवतार लूंगा। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म राक्षसों के अत्याचार से पृथ्वी का भार कम करते हुए लोक-मंगल की भावना को आज भी शाश्वत संदेश की प्रेरणा दिया करता है। आचार्य अनूपदेव जी ने कहा कि अनीति के विनाश पर धर्म के प्रकाश का उत्सव है भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव। उन्होनें कहा कि माधव बिहारी यशोदा नन्दन कन्हैया करूणा तथा दयालुता की वह प्रतिमूर्ति हैं जिसमे सदैव लोक कल्याण एवं धार्मिक उन्नयन की ही परिकल्पना मंगलघोष किया करती है। जन्मोत्सव पर कथा के संयोजक समाजसेवी पं. जनार्दन प्रसाद त्रिपाठी व शकुन्तला त्रिपाठी ने कन्हैया की पादुका पूजन किया। सह संयोजक आलोक त्रिपाठी गुडडू, अरविंद त्रिपाठी पंकज, आनन्द त्रिपाठी ने जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं का मुंह मीठा कराया। जन्मोत्सव पर कथास्थली श्रद्धालुओं की पुष्पवर्षा से भी महक उठी दिखी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, देवेश शुक्ला, डा. पदमधर शुक्ल, लखनऊ अवध बार के महामंत्री बृजभान सिंह भानू, अधिवक्ता प्रशांत श्रीवास्तव, अन्नू सिंह, उमाकांत द्विवेदी, डा. शिवाकांत द्विवेदी, अनिल त्रिपाठी महेश, पप्पू तिवारी, श्रीकांत मिश्र आदि रहे।

## रिलीफ न दिये जाने से खफा लोको पायलट आज देंगे धरना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनता एक्सप्रेस 4266 ट्रेन में ड्यूटी के दौरान रिलीफ न मिलने से खफा लोको पायलट संगठन ने 8 मार्च को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। एसएस को दिये गये ज्ञापन में पायलटों ने आरोप लगाया है कि जनता एक्सप्रेस के पायलट को प्रतापगढ़ से बनारस फिर लखनऊ ड्यूटी पर भेजा जा रहा है। इस बीच उसको रिलीफ नहीं दी जा रही है। जबकि इसके पूर्व बनारस तक ही ट्रेन ले जाते थे।

इसी के साथ ही लाबी में शौचालय की व्यवस्था न होने से पायलटों को काफी समस्या आ रही है। उन्हें बाहर जाना पड़ रहा है। पायलटों का आरोप है कि टूल बॉक्स हटाने का आदेश उचित नहीं है। इसे रद्द किया जाय। बॉक्स को इंजन या गार्ड ब्रेकवान में रखा जाय। इन्हीं सभी मांगों को लेकर पायलटों ने आठ मार्च को स्टेशन पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। एसएस एसके यादव ने बताया कि पायलटों का प्रदर्शन 8 मार्च को है। उनके द्वारा इस आशय का पत्र मिला है।

## सरसों की फसल उठा ले गए आरोपी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विवादित जमीन का स्थगन आदेश के बावजूद भी विपक्षियों द्वारा कटी हुई सरसो की फसल को ले जाने का आरोप पीड़ित ने लगाया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव के रहने वाले राम कृपाल पुत्र देवतादीन ने बताया कि उसकी जमीन जिसका प्रतापगढ़ न्यायालय में स्थगन आदेश है और पीड़ित ने उस पर सरसों और गेहूं की फसल बो रखी है। पीड़ित रविवार को वह अपने सरसों की फसल को काट रहा था तभी विपक्षीगढ़ वहां पर पहुंचे और मारपीट करने लगे। पीड़ित ने डायल 112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया जहां पर समझौता हुआ कि जब जमीन की माप की जाएगी उसके बाद ही जिसके पक्ष में आएगा वही सरसों लेकर जाएगा लेकिन विपक्षीगढ़ रविवार की शाम को सरसों की फसल उठा ले गए पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# पत्रकार को भातृ शोक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने सोमवार को स्थानीय तहसील इकाई की बैठक कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान क्षेत्र के पत्रकार जगत वर्मा के भाई सुखराम वर्मा (55) के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह व संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। इस मौके पर देवानंद मिश्र, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, विकास मिश्र, डा. आशीष सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सुरेंद्र तिवारी सागर, मनोज सिंह, बाबा नरेन्द्र ओझा, शैलेन्द्र मिश्र, सुशील सिंह, शत्रुध्न पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, आशुतोष मिश्र, मनोज त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, अशोकधर दुबे, प्रमोद सिंह बाबा, सुनील सिंह, सुरेश मिश्र मदन, उमेश तिवारी, सरवर आलम, राजीव तिवारी, शिवकरन चतुर्वेदी, राहुल मिश्र, प्रेम मिश्र, मुकेश तिवारी, रामू मिश्र, लवलेश शुक्ल, राकेश त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, आईपी मिश्र, शास्त्री सौरभ, सुमित वत्सल, जाकिर अली, राजेन्द्र मिश्र, राजकुमार मिश्र, शुभम श्रीवास्तव आदि रहे।

# पीस कमेटी की बैठक मे शांति बनाये रखने की अपील

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को होली के त्यौहार व मतगणना परिणामों को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठक की। स्थानीय कोतवाली परिसर मे शांति समिति की बैठक आम लोगो के साथ पुलिस ने की।

बैठक मे थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने लोगों से होली के त्यौहार को आपसी भाईचारे के माहौल मे मनाए जाने के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होनें चुनाव परिणाम के बाद भी इलाके मे शांति बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि शांति व्यवस्था को बिगाड़ने मे यदि किसी ने शरारत किया तो पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। बैठक मे व्यापारमण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, शेष तिवारी, जमुना प्रसाद तिवारी, शहजाद अंसारी, सभासद रमेश जायसवाल, रामलोचन त्रिपाठी, आदर्श मिश्र, टीपी यादव, छोटे लाल सरोज आदि रहे।

## किशोरी का शव कुएं में मिलने से मचा हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव में सोमवार की सुबह कुएं में किशोरी का शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुची मानिकपुर पुलिस ने किसी तरह शव को कुएं से बाहर निकलवाया, जिसकी शिनाख्त सोनी पुत्री सुरेश उर्फ वर्मा यादव (17) वर्षीय के रूप में हुई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा। मामला प्रेम प्रपंच का भी सुनाई दे रहा है। मृतक सोनी 4 मार्च को अचानक गायब हो गयी थी, जिसका 7 मार्च को कुएं में शव मिला पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय गंगा दूत प्रशिक्षण संपन्न


प्रशिक्षण में मौजूद अतिथिगण।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ व नमामि गंगे परियोजना के एकीकृत सहयोग से गंगा दूत का प्रशिक्षण का शुभारंभ आर एस पब्लिक स्कूल रामपुर गडौली में किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ नमामि गंगे परियोजना अधिकारी वा जिला परियोजना अधिकारी प्रतापगढ़ के द्वारा संपन्न हुआ जिला परियोजना अधिकारी ने गंगा दूतों को परियोजना के बारे में विस्तृत से प्रशिक्षण दिया व नेहरू युवा केंद्र के बारे में राज्य प्रशिक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह नमामि गंगे परियोजना के बारे में गंगा दूतों को विस्तार से बताया जिसमें जल की समस्या पर्यावरण को कैसे बचाया जा सकता है। उसके बारे में विस्तृत जानकारी गंगा दूतों को प्रदान की गई जनता इंटर कॉलेज के पूर्व प्रचार शिव नारायण शुक्ला द्वारा नवयुवकों से सामाजिक कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया मौके पर प्रकाश चंद्र मौर्य, प्रभात चंद्र मौर्य, प्रीती मौर्य, अंतिमा, अनीता, रंजना, शुभम यादव ,और युवा मंडल महिला के भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### इलाज के रुपये न भरने पर मरीज अस्पताल में बंधक

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के करारी रोड स्थित एक निजी अस्पताल संचालक की दादागिरी के चलते मरीज को अस्पताल में बंधक बना लिया गया है। यह आरोप सोमवार को मरीज के परिजनों ने कोतवाली पुलिस से शिकायत कर लगाया है। तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बांदा जनपद के पेस्टा गांव थाना बिसंडा निवासी जयकरन पुत्र सुमेरा को 5 दिन पहले पेट मे दर्द की शिकायत हुई। भाई राजकरन ने बीमार जयकरन को इलाज के लिए मंझनपुर मुख्यालय के लाइफ केयर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने मरीज को देख दावा किया कि वह 18 हजार रुपये जमा करा दे। जिसमें वह मरीज को ठीक कर देंगे। 5 दिन बाद भी मरीज की हालत लगातार खराब होती रही। उसे आराम नहीं मिला। मरीज के भाई राजकरन ने डॉक्टर से मरीज की हालत खराब होने की जानकारी देकर सवाल किया। राजकरन ने बताया कि डॉक्टर और प्रबंधक ने उसे इलाज का 73,470 रुपये के बिल थमा दिया और बोले मरीज का इलाज अब तभी किया जाएगा। जब 65 हजार रुपये जमा करा दोगे। डॉक्टरों ने मरीज का इलाज बंद कर दिया। वह मरीज को घर नहीं ले जाने दे रहे है। उनके पास इलाज की इतनी बड़ी रकम अस्पताल को देने के लिए नहीं है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है।

# अन्तर्जनपदीय गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

**अभियुक्त गणो के कब्जे से अवैध शस्त्र व तीन अदद मोटरसाइकिल व तमंचा बरामद, गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक ने किया 15 हजार रुपए से पुरस्कृत**

अखंड भारत संदेश



खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर हुई चोरी नकबजनी लूट घटनाओं के सफल अनावरण व अपराधियों को पकड़ने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी चायल के पर्यवेक्षण व कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सरायअकिल अनुपम शर्मा मय फोर्स एवं इंटेलिजेंस विंग व सर्विलास सेल द्वारा क्षेत्र मे भ्रमण तलाश वांछित अपराधी के दौरान मुखबिर की सूचना पर पूर्व में चोरी लूट व छिनती करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को मोटर साइकिल से किसी घटना को अंजाम देने जाते समय जरैनी गांव की पुलिया के पास पुलिस द्वारा रोकते समय अभियुक्त गणों सोनू पासी पुत्र दिनेश पासी निवासी परई तिल्हापुर मोड़ थाना पिपरी राजकुमार पासी पुत्र शिवभजन पासी निवासी बूंदा थाना पिपरी व दीपक कुमार पासी पुत्र अनिल कुमार पासी निवासी दूल्हापुर थाना पिपरी व दीपू कुमार पासी पुत्र शिवबहादुर पासी निवासी मखऊपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया है आरोपियों द्वारा पुलिस को जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर कर गया किन्तु पुलिस बल द्वारा सिखलाये गये तरीके से बचते हुए चार अभियुक्तों को मौके से पकड़ा गया तथा दो अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये गिरफ्तारी के पश्चात जमा तलाशी से अभियुक्त गणों के पास से अवैध शस्त्र कारतूस एवं तीन अदद मोटर साइकिल व रुपये बरामद हुए पूछताछ से अभियुक्त गणो द्वारा भिन्न भिन्न जगहों पर की गयी लूट छिनैती नकबजनी की वारदातों के बारे में खुलासा किया गया अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी व बरामदगी 8700 रुपये तीन अदद तमंचा 12 बोर नाजायज व एक अदद खोखा व पांच अदद जिंदा कारतूस 12 बोर एक अदद तमंचा 315 बोर एक अदद कारतूस जिंदा 315 बोर व तीन अदद मोटर साइलकिल के आधार पर फर्द तैयार कर नियमानुसार कर्यवाही करते हुए अभियुक्त गणों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पंद्रह हजार रुपए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

### घर मे अकेली किशोरी के साथ मनचलों ने किया अश्लीलता

**कौशाम्बी।** घर मे अकेली किशोरी को देख कर घर मे घुसे मनचलों ने किशोरी का हाथ पकड़ कर अश्लील हरकत की है जब किशोरी चिल्लाई तो घर पर मौजूद बहु ललीता मौके पर आई तो मनचलो ने किशोरी की भाभी को देखकर गाली गलौज देते हुए जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गए बेखौफ मनचलों को किसी का डर नही है। चरवा थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर गांव में मनचले दुर्रू दोपहर दो बजे दिन में शिव सेवक पुत्र घसीट के घर घुस गए और उसकी पुत्री कु शिवानी उम्र लगभग 16 वर्ष के साथ गांव के मनचलो ने अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया जब किशोरी चिल्लाई तो घर मे मौजूद बहु मौके पर पहुंची और हरकत का विरोध किया आरोप है कि मनचला ढूर्रू पुत्र अर्जुन गाली गलौज देते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया है परिजन आरोपी के घर उलाहना देने गए थे जिस पर फिर गाली गलौज कर लाठी डंडे से मारने का प्रयास किया गया है पीड़िता की माता के घर आने पर परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी दी परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

## न्यूज झरोखा

### तड़पते रहे मरीज समय से नही पहुंचे चायल पीएचसी के स्वस्थ कर्मी



**कौशाम्बी।** चायल चिकित्सालय में मरीजों को देखने और उनका इलाज करने के लिए समय पर चिकित्सक अपने कक्ष पर मौजूद नहीं रहते जिससे सुबह से अस्पताल पहुंचने वाले मरीज इलाज के अभाव में कराहते रहते हैं। बीमार मरीज डॉक्टर से परामर्श और इलाज के लिए चायल पीएचसी में इलाज के अभाव में वापस चले जाते है। लेकिन इन चिकित्सकों को इस बात का तनिक भी भय नहीं है कि कहीं कोई अधिकारी जांच करने न आ जाए और चिकित्सकों के कक्ष की ओर अचानक रुख कर लिया तो इन लापरवाह चिकित्सकों की कलाई खुल जाएगी। मंगलवार सुबह 9:00 बजे 11:00 बजे कभी-कभी 12:00 बजे तक चिकित्सक अपने कक्ष पर नहीं पहुंचते है। इतना ही नहीं आधे चिकित्सक तो ऐसे हैं जो पूरे दिन बीत जाने के बाद चायल सीएचसी में नहीं पहुंचते हैं उनके कमरे में ताला लटकता रह जाता है और कमरे के बाहर तड़प रहे मरीज उनका इंतजार करते रह जाते हैं। जब चायल पीएचसी में चिकित्सक नहीं पहुंचते तो मजबूर मरीज कराहते हुए निजी नर्सिंग होम में जाते हैं जहां उन्हें लूट लिया जाता है और कुछ निजी अस्पताल का दृश्य नर्सिंग होम तो ऐसे हैं जहां यही चायल सीएचसी के सरकारी चिकित्सक इलाज करते उन्हें वहां भी मिल जाते हैं इस ओर लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लापरवाह चिकित्सकों पर कार्यवाही करने की मांग मरीजो ने की जिन चिकित्सकों का जनपद में निजी नर्सिंग होम संचालित हो रहा है उन्हें सील करने की मांग लोगों ने जिलाधिकारी से की है।

### किट के माध्यम से सिखाया कैसे होगी पानी की गुणवत्ता की जांच



**कौशाम्बी।** पानी की गुणवत्ता की जांच कैसे करें इस विषय में कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित लोगों को किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच करने को सिखाया गया है बारा कौशाम्बी ब्लाक में जल जीवन मिशन के तहत समूह सखी को मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड द्वारा बीसी सखी महिलाओं हेतु क्षमता संवर्धन दो दिवसीय कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में समूह सखियों को ऋळ्ड किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच करना सिखाया गया जिसमे 200 महिलाएं उपस्थित थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ शिवपूजन भारतीय आजीविका मिशन प्रभारी मितेश समाजसेवी अजय कुशवाहा राम सुचित ग्राम प्रधान बिहारी लाल और संस्था की ओर से कमलेश यादव, प्रतीक, करण हिरवे के माध्यम से ऋळ्ड के मध्यम से प्रशिक्षण कराया गया।

### मिट्टी का टीला ढहने से मजदूर की मौत, दूसरा अस्पताल में गंभीर



**हररायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत सिकंदर पुर बजहा गांव में ट्रैक्टर की ट्राली में मिट्टी लादने कुछ मजदूर गए थे मिट्टी की खुदाई करते समय मिट्टी का टीला ढह जाने से दो मजदूर मलवे में दब गए है हादसे में एक मजदूर की मौत हो गयी है जबकि दूसरा मजदूर गंभीर घायल है। बताया जा रहा है कि कोखराज थाना क्षेत्र के बजहा गांव में टीला में जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही थी जेसीबी मशीन से खुदाई करने के बाद ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरने के लिए कुछ मजदूर गए थे जेसीबी मशीन से मिट्टी खुदाई के समय टीला ढह गया जिससे मजदूर मूरत पुत्र बच्चा लाल निवासी उजिहनी और मजदूर राजू जेसीबी मशीन की खुदाई करते समय मलबे में दब गए हैं आनन-फानन में मलबे में दबे मजदूरों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला है अचानक हुए इस हादसे में मजदूर मूरत पुत्र बच्चा लाल की मौत हो गई है जबकि दूसरा मजदूर राजू गंभीर घायल है घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है घायल अवस्था में राजू को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

# उद्घाटन के 2 दिन बाद फिर बंद हो गया गौ संरक्षण केंद्र

**गौ संरक्षण केंद्र में मौजूद एक दर्जन पशुओं को नगर पंचायत चरवा के जिम्मेदारों ने फिर किसानों के खेतों को बर्बाद करने के लिए खुले में छोड़ दिया**

अखंड भारत संदेश



**चरवा कौशांबी।** सरकार आवारा पशुओं को गौ संरक्षण केंद्र में संरक्षित करने का बार बार निर्देश दे रही है योगी सरकार के कार्यकाल को 5 वर्ष बीत गए हैं 5 वर्ष से पशु विभाग के अधिकारी और प्रशासन गोवंश के संरक्षण में लुकाछिपी का खेल खेल रहा है बीते 5 वर्षों से नगर पंचायत चरवा क्षेत्र में किसानों के खेतों को आवारा पशु बर्बाद कर रहे है 5 वर्ष से लगातार किसान आवारा पशुओं पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। किसानों के तमाम मेहनत और लगातार प्रयास के बाद नगर पंचायत चरवा में 3 मार्च को गौ संरक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया जहां चारा पानी की व्यवस्था पूर्व से नहीं थी एक दर्जन पशुओं को संरक्षण केंद्र में एकत्रित कर उद्घाटन का तामझाम कर दिया गया लेकिन 2 दिन बाद 5 मार्च को यह गो संरक्षण केंद्र फिर बंद हो गया है गौ संरक्षण केंद्र में मौजूद एक दर्जन पशुओं को नगर पंचायत चरवा के जिम्मेदारों ने फिर किसानों के खेतों को बर्बाद करने के लिए खुले में छोड़ दिया है जिससे आवारा पशु फिर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। गौ संरक्षण केंद्र उद्घाटन के नाम पर नगर पंचायत प्रशासन ने फर्जी बिल वाउचर लगाकर लाखों की रकम खर्च दिखा कर सरकारी खजाने को खाली कर दिया है जो बड़ी जांच का विषय है आखिर योगी सरकार में गौ संरक्षण केंद्र संचालन के नाम पर नाटक करने वाले नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी के कारनामों पर कब तक शासन प्रशासन मूकदर्शक बना रहेगा नगर पंचायत चरवा के कारनामे के चलते किसानों में जहां आक्रोश व्याप्त है वहीं किसानों ने गौ संरक्षण केंद्र को संचालित करने की मांग के साथ-साथ नगर पंचायत के दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।



मतगणना प्रशिक्षण में निर्देश देते डीएम

# मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**डीएम ने कहा कि प्रातः 06 बजे मतगणना स्थल पर कर्मियों को होना है उपस्थित**

**कौशाम्बी।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्राट उदयन सभागार में ईवीएम मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया प्रथम पाली का प्रशिक्षण 11 बजे से 01 बजे तक 120 कार्मिकों को तथा द्वितीय पाली का प्रशिक्षण 03 बजे से 05 बजे तक 120 कार्मिकों को दिया गया जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार द्वारा ईवीएम मतगणना कार्मिको को मतगणना से सम्बन्धित विस्तृत दिशा-निर्देश दिया गया मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार एवं विनोद पाण्डेय द्वारा मतगणना कार्मिकों को ईवीएम से मतगणना की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गयी तथा विशेष रूप से विभिन्न उम्मीदवारों के परिणाम को नोट करते हुए फार्म-17सी0-भाग-2 को विधिवत भरने का प्रशिक्षण भी दिया गया। मतगणना कार्मिकों को मतगणना 10 मार्च 2022 को प्रातः 06 बजे मतगणना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद के अमर्यादित बयान के बाद दो खेमे में बंटती दिख रही भाजपा

अखंड भारत संदेश

**ब्राह्मण ठाकुर बनिया पर सांसद कौशांबी द्वारा अभद्र टिप्पणी किए जाने के बाद भाजपा शीर्ष नेतृत्व में बढ़ी नाराजगी**

**दोराहे पर खड़ी भाजपा को सांसद के बयान के बाद उपजे जन आक्रोश का भुगतना पड़ेगा खामियाजा**

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर द्वारा ब्राह्मण ठाकुर बनिया के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी के बाद जहां एक ओर जना आक्रोश भड़क गया है वहीं दूसरी ओर सांसद के अमर्यादित बयान के बाद भाजपा नेतृत्व में भी तलवारें खिंच गई हैं पार्टी के अंदर सांसद के अमर्यादित बयान को लेकर खींचतान शुरू हो गई है कौशाम्बी भाजपा के सांसद विनोद सोनकर ने ठाकुर ब्राह्मण बनिया के विरोध में विधानसभा चुनाव के दौरान अमर्यादित बयान दिया था जिसके बाद ब्राह्मण ठाकुर बनिया समाज ने आक्रोश ब्यक्त कर सांसद विनोद सोनकर का विरोध करना शुरू कर दिया जिसके चलते पार्टी में भाजपा ठाकुर बनिया नेताओं में सांसद के बयान को लेकर आक्रोश पनपने लगा है पार्टी की जिला अध्यक्ष ब्राह्मण खेमे से आती हैं उनके सामने दुविधा फस गई है कि वह आम मतदाताओं के मान सम्मान की रक्षा करते हुए आम जनता को साधने का प्रयास करें या फिर वह सांसद को खुश रखें दोराहे पर खड़ी भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने सांसद विनोद सोनकर के अमर्यादित बयान पर शीर्ष नेतृत्व से शिकायत करना शुरू कर दिया है जिला अध्यक्ष के शिकायत करने के बाद भाजपा दो खेमे में बटती दिख रही है अनीता त्रिपाठी ने कहा कि सांसद कौशांबी विनोद सोनकर ने ब्राह्मण ठाकुर बनिया के विरुद्ध अमर्यादित बयान देकर सवर्ण समाज के लोगों का घोर अपमान किया है उन्होंने कहा कि ब्राह्मण ठाकुर बनिया का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने यदि ब्राह्मण ठाकुर बनिया के प्रति अमर्यादित बयान के मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले दिनों में भाजपा को इसका खामियाजा जबरदस्त भुगतना पड़ेगा और यदि शीर्ष नेतृत्व इस गंभीर मामले पर गंभीरता दिखाई तो सांसद विनोद सोनकर की मुसीबत बढ़ना तय हैं।

# पैसे का हिसाब न मिलने पर नाराज पत्नी ने खाया जहर

**पति को 5 हजार रुपए देकर सामान लेने बाहर भेजा था, 2 हजार का हिसाब न देने पर हुई नाराज**

**कौशांबी।** कोखराज कोतवाली के मोजाहिदपुर गांव में पति पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद में पत्नी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। सोमवार की सुबह हुई घटना के बाद नाजुक हालत में पति ने पत्नी को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पति अपनी पत्नी को बाजार में खर्च हुए 2 हजार रुपए का हिसाब नहीं दे सका। इसी बात से झगड़ा कर पत्नी ने जहर खा कर जान देने की कोशिश की है। अस्पताल के डाक्टर फिलहाल जान बचाने की कोशिश में लगे हुए हैं।

**बाजार सामान लेने गया था :** मोजाहिदपुर गांव के रहने वाले संतोष कुमार मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। संतोष के घर में उसकी पत्नी सरोज देवी और बूढ़ी मां रहती है। संतोष की पत्नी सरोज ने उसको बाजार से समान लाने को 5 हजार रुपए दिये थे। जिसका वो सामान लेकर घर आया। संतोष कुमार ने बताया कि सामान लाने में वो 2 हजार रुपए का हिसाब कहीं भूल गया। जिसका हिसाब वो पत्नी को नहीं दे सका।

**छोटे से विवाद में खा लिया जहर :** पत्नी ने इस बात से नाराज होकर पहले उससे झगड़ा किया। फिर सुबह करीब 8 बजे जहर खाकर जान देने की कोशिश की। सरोज को उल्टियां करता देख वो उसे जल्दी से जिला अस्पताल लेकर आया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सक विजय केसरवानी ने बताया कि महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। उसने जहर खा लिया था। इलाज किया जा रहा है। हालत में सुधार हो रहा है। महिला के पति नें उन्हें बताया कि 2 हजार रुपये का हिसाब न मिलने पर पत्नी ने विवाद कर जान देने की कोशिश की थी।



# नगर वासियों की छाती पर फिर गरजा नगरपालिका का बुलडोजर

**नगर के पुराने नाली नाला पर कब्जा कर बहुमंजिला घर बने हैं नगर की सरकारी भूमि पर अधिकारियों की सांठगांठ से दर्जनों बहु मंजिले घर बने हैं**

**कौशांबी।** नगर पालिका मंझनपुर के अधिकारियों की अवैध वसूली तानाशाही और गरीब कमजोर मजलूम मजदूरों पर अत्याचार चरम पर है नगर के पुराने नाली नाला पर कब्जा कर बहुमंजिला घर बने हैं नगर की सरकारी भूमि पर अधिकारियों की सांठगांठ से दर्जनों बहु मंजिले घर बने हैं लेकिन उन पर कार्यवाही कर सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित करने का प्रयास नगर पालिका परिषद मंझनपुर के आला अधिकारियों द्वारा नहीं हो रहा है बल्कि कमजोर और गरीबों के घरों को बुलडोजर से गिरा कर नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान की सफलता का ढिंढोरा पीट रहा है जबकि हकीकत यह है कि नगर क्षेत्र में कई बहुमंजिला आवास सरकारी संपत्तियों पर बने हैं जिनकी बार-बार शिकायत होने के बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवैध कब्जा धारकों से मोटी रकम वसूल रहे हैं।

नगर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण अतिक्रमण हटाओ अभियान के आड़ में अवैध कब्जे की जमीन नगरपालिका के कर्मचारियों अधिकारियों की तिजोरी भरने का साधन बन गई है बीते कई वर्षों से नगर क्षेत्र में अधिकारियों का यह लुका छुपी का खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है जिससे सरकारी संपत्तियों से कब्जे तो नहीं हट सके लेकिन कब्जा हटाने के नाम पर निरीह कमजोर गरीबों के झोपड़ी छप्पर को जेसीबी लगाकर धराशायी कर नगर पालिका के अधिकारी शासन प्रशासन को अतिक्रमण हटाओ अभियान की सफलता दे कर वाहवाही लूट रहे हैं सोमवार को फिर मंझनपुर कस्बे के नेहरू नगर में नगरपालिका का जेसीबी बुलडोजर गरजा और झोपड़पट्टी वालों के घरों को गिरा कर वाहवाही लूट लिया है नगरपालिका के आतंक अत्याचार और नगर वासियों के सीने पर बुलडोजर गरजने से नगर में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लेकिन सांसद विधायक भी नगर वासियों के साथ हो रहे अत्याचार में मूकदर्शक बन तमाशा देख रहे हैं आला अधिकारी भी नगरपालिका के अत्याचार पर मौन धारण कर चुके हैं लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर पालिका प्रशासन के अत्याचार पर कार्रवाई की मांग की है।


पीस कमेटी की बैठक में लोगों को निर्देश देते कोतवाल मंझनपुर

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण मनाए होली का त्यौहार : कोतवाल

**कौशांबी।** आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण परंपरागत तरीके से मनाने के लिए मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में मंझनपुर कोतवाली में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों की बैठक सोमवार को आयोजित की गई है जहां होली के पर्व के आयोजन से संबंध में संभ्रांत नागरिकों से चर्चा की गई है इस मौके पर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने कहा कि होली का त्यौहार खुशियों का त्योहार है और अमन चैन शांति के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाया जाए उन्होंने कहा कि होली पर त्यौहार के नाम पर उपद्रव और अराजकता नहीं बर्दाश्त की जाएगी आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत थाना मंझनपुर क्षेत्र में संभ्रत नागरिकों की पीस कमेटी की मीटिंग मैं स्थानीय लोगों के साथ व्यापक चर्चा की गई होलिका दहन व होली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं इस मौके पर अमरेश कुमार केसरवानी उर्फ कल्लू पंडा कल्लू सोनी शिवेन्द्र कुमार उर्फ रिंकू केशरवानी सभासद सुशील कुमार गुप्ता उर्फ चट्टू मुकुंदी लाल केशरवानी नरेश चंद्र केसरवानी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीमारियों से बचने के लिए सफाई रखना अति आवश्यक : सीएमएस

अखंड भारत संदेश

**राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुरारा में प्रार्थना योगा एवं साफ सफाई से हुआ**



स्वच्छता मिशन की रैली निकालती स्कूली छात्र छात्राएं

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुरारा में प्रार्थना योगा एवं साफ सफाई से हुआ इसके उपरांत शिविरार्थियो ने स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार की पहल के अंतर्गत गांव को खुले में शौचमुक्त, स्वच्छ और साफ बनाने के उद्देश्य को पूरा करने हेतु जन जागरूकता रैली डॉ0 दीपक सेठ सीएमएस जिला चिकित्सालय कौशांबी के नेतृत्व में निकाली गई डॉ दीपक सेठ द्वारा हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया गया। शिविरार्थियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुरारा में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत साफ सफाई का अभियान चलाकर गांव को स्वच्छ किया गया विकास कुमार ने स्वच्छ भारत अभियान पर भाषण के माध्यम से शिविरार्थियों एवं गांव वासियों को जागरूक किया । अमृतलाल अभिषेक कुमार एवं सोनाली चौरसिया ने स्वच्छ भारत अभियान पर गीत के माध्यम से जागरूक किया गांव में मानसी केसरवानी मोहनी केसरवानी साधना चौरसिया अवंतिका आयुषी सोनाली वर्मा, विभा पांडे आदि ने स्वच्छ भारत अभियान के विषय पर सचित्र नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया संध्याकालीन आयोजित बौद्धिक सत्र का विषय स्वच्छ भारत अभियान हेतु ग्रामीण स्वच्छता एवं स्वास्थ्य था। इस बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि डॉ0 दीपक सेठ सीएमएस जिला चिकित्सालय कौशांबी थे डॉ0 नीलम वाजपेई असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान एवं डॉ भावना केसरवानी असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान मुख्य वक्ता हेतु आमंत्रित किया गया था।

डॉ0 दीपक सेठ ने इस अवसर पर कहा कि स?वच?छता खुजली सूजन और बैक्टीरिया के संक्रमण से बचाती है।बीमारियों से बचने के लिए सफाई रखना अति आवश्यक है। यह सभी के सहयोग से ही संभव है, क्योंकि गंदगी ही सभी बीमारियों का मूल कारण है। स्वच्छता हमारे जीवन को सुखमय बनाने के लिए जरूरी है। हर बीमारी से स्वच्छता ही हमें बचाती है डॉ नीलम बाजपेई ने कहा कि स्वच्छता एक क्रिया है जिससे हमारा शरीर, दिमाग, कपड़े, घर, आसपास और कार्यक्षेत्र साफ और शुद्ध रहते है। हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिये साफ-सफाई बेहद जरुरी हैं डॉ भावना केसरवानी ने कहा कि हम हमारे किचन, बाथरूम ओर पूरे घर में साफ सफाई नहीं रखेंगे तो छछूंदर काकरोच मक्खी चीटियां मच्छर आदि पनपते हैं और साफ सफाई में अगर हम लापरवाही बरते तो बर्तन और अन्य सामानों के साथ ये गंदगी हमारे मुंह में जाती हैं जिससे हमें कई तरह की बीमारियां पकड़ लेती है गुलाब चंद्र जायसवाल, प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुरारा ने इस अवसर पर कहा कि गाँव के वातावरण को स्वच्छ रखे बगैर हम स्वच्छता को अपनी शैली नहीं बना पाएँगे। कार्यक्रम का संचालन सफल संचालन साक्षी ओझा एवं वैष्णवी केसरवानी द्वारा किया गया ब्रह्मजीत अमृतलाल बाबूलाल राहुल ,विकास कुमार, राजेश कुमार आदि शिविरार्थी गीत के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ0 रीता दयाल ,डॉ0 भावना केसरवानी, डॉ0 तरित अग्रवाल, डॉ0 रमेश चंद्र, डॉ0 अमित कुमार शुक्ल, डॉ0 संतोष कुमार , डॉ0 शैलेश मालवीय , आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संपादकीय

# लैंगिक समानता जरूरी

**वर्ष** 2022 की थीम - एक स्थाई कल के लिए आज लैंगिक समानता जरूरी - महिलाओं को आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक स्तरपर तात्कालिक सशक्त करना समय की मांग - एड गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज यूक्रेन-रूस महायुद्ध और तीसरे विश्वयुद्ध, परमाणु महायुद्ध की सब्सुबहट और अंदेशों के बीच युद्ध के साए में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है जो विश्व की महिलाओं के लिए खास है। यह दिवस महिलाओं के लिए प्रति एक श्रद्धा भाव को ही नहीं जगाता बल्कि उस देश के विकास में उनके योगदान को भी बताता है। आज अगर हम महिलाओं की उपलब्धियों और जिस तरह वैश्विक स्तरपर हर देश के हर क्षेत्र में महिलाओं की सक्रियता से भविष्यकालीन आउटपुट का अंदेशा लगाएंगे तो भविष्य महिलाओं के नेतृत्व का है!!! जिसमें भविष्य में महिलाएं ही आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक रक्षा, स्वास्थ्य सहित अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण नेतृत्व और विशाल स्तर पर भागीदारी करेंगी ऐसा मेरा मानना है!!! साथियों बात अगर हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए सकारात्मक बात करें तो, इस दिवस को महिलाओं की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का विश्वव्यापी उत्सव माना जाता है!! आज हमें महिलाओं को पूरी स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है, ये उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। महिलाओं को भी अपनी पूर्वधारणाओं को बदलने की जरुरत है कि वो कमजोर हैं!!! और कोई भी उन्हें धोखा दे सकता है या उनका प्रयोग कर सकता है। इसके बजाय उन्हें ये सोचने की आवश्यकता है कि उनमें पुरुषों से अधिक शक्ति है और वो पुरुषों से बेहतर कर सकती हैं। साथियों बात अगर हम आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 की करें तो इस वर्ष की थीम, एक स्थाई कल के लिए आज लैंगिक समानता जरूरी यह है, इसके लिए हमें महिलाओं को आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक प्रौद्योगिक, वाणिज्यिक स्तरपर महिलाओं को सशक्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध वह संकल्पित होना पड़ेगा खासकर के वर्तमान युद्ध के साए में मना रहे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तो महिलाओंकी सुरक्षा का विशेष संकल्प करना जरूरी है!!! साथियों बात अगर हम भारतीय परिपेक्ष में भारतीय महिलाओं की करें तो आदि अनादि काल से ही भारतीय संस्कृति, सभ्यता में नारी का सम्मान सर्वोपरि है, जो आध्यात्मिकता व कथाओं में हमने नारीशक्ति को मां काली दुर्गा भवानी सरस्वती मां के स्वरूप में उनकी गाथाएं सुननी है। आज के परिपेक्ष में भारतीय मूल की नारियों की गाथा की करें तो आज उन गौरवशाली, ऐतिहासिक स्थान प्राप्त महिलाओं की करें तो वह नायिकाएं बनकर समाज में बदलाव लेकर आई और आने वाली कई पीढ़ियों के लिए कई रास्ते निकाले हैं!!! उनके बारे में आज इस शुभ,सशक्त, महत्वपूर्ण दिवस पर महिलाओं को ही नहीं पुरुषों को भी रेखांकित करना जरूरी है!!! खासकर महिलाओं को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी है वे भारत की शान ये हैं मीडिया के अनुसार (1) पठानमथिट्टा (केरल) की रहने वाली फातिमा बीवी 1989 में भारत में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला बनीं थी।

# नारी' की पूजा तो फिर अत्याचार क्यों?

ललित गर्ग

**नारी अपने घर में अपने आदर्शों, परंपराओ, सिद्धांतो, विचारों एवं अनुशासन को सुदृढ़ता दे सकें, इसके लिए उसे कुछेक बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। नारी अपने परिवार में सबका सुख-दुख अपना सुख-दुख माने। सबके प्रति बिना भेदभाव के स्नेह रखे। सबंधों की हर इकाई के साथ तादात्मय संबंध जोड़े। घर की मान मयार्दा, रीति-परंपरा, आज्ञा- अनुशासन, सिद्धांत, आदर्श एंव रूचियों के प्रति अपना संतुलित विन्रम दृष्टिकोण रखें।अच्छाइयों का योगक्षेम करें एंव बुराइयों के परिष्कार में पुरषार्थी प्रयत्न करें। सबका दिल और दिमाग जीतकर ही नारी घर में सुखी रह सकती है। बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाओं के लिए यह आवश्यक है कि मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य-आँचल में है दूध को सदा याद रखें**

**नारी** के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का एक स्वर्णिम अवसर है विश्व नारी दिवस, यह नारी की महिमा को उजागर करने वाला ऐतिहासिक दिन है। आखिर नारी को ही माँ का महत्त्वपूर्ण पद और संबोधन मिला। कारण की मीमांसा करते हुए अनुभवविदों ने बताया-हमारी भारतीय परंपरा में भारतमाता, राजमाता, गौमाता की तरह धरती को भी माता कहा जाता है। वह इसलिए कि धरती पैदा करती है। वह निर्मात्री है, सृष्टा है, संरक्षण देती है, पोषण करती है, बीज को विस्तार देती है, अनाम उत्सर्ग करती है, समर्पण का सितार बजाती है, आश्रम देती है, ममता के आँचल में सबको समेट लेती है और सब कुछ चुपचाप सह लेती है। इसीलिए उसे माता का गौरवपूर्ण पद मिला। माँ की भूमिका यही है। मातृदेवो भवः यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह नारी भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। रामायण उद्गार के आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की यह पंक्ति- जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ नारीशक्ति की पूजा होती आई है फिर क्यों नारी अत्याचार बढ़ रहे हैं? फिर क्यों नारी का उत्पीड़न एवं अस्तित्व को नौंचा जाता है? वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है?

नारी का दुनिया में सर्वाधिक गौरवपूर्ण सम्मानजनक स्थान है। नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है?



विश्व महिला दिवस के सन्दर्भ में एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी का जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा। बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? भरी राजसभा में द्रौपदी को बाल पकड़कर खींचते हुए अंधे सम्राट धृतराष्ट्र के समक्ष उसकी विद्वत मंडली के सामने निर्वस्त्र करने के प्रयास के संस्करण आखिर कब तक शक्ल बदल-बदल कर नारी चरित्र को धुंधलाते रहेंगे? ऐसी ही अनेक शक्लों में नारी के वजूद को धुंधलाने की घटनाएं- जिनमें नारी का दुरुपयोग, उसके साथ अश्लील हरकतें, उसका शोषण, उसकी इज्जत लूटना और हत्या कर देना- मानो आम बात हो गई हो। महिलाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी महिलाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। दिन-प्रतिदिन देश के चेहरे पर लगती यह कालिख को कौन पोछेगा? कौन रोकेगा ऐसे लोगों को जो इस तरह के जघन्य अपराध करते हैं, नारी को अपमानित करते हैं।

औरत जन्मती नहीं, बना दी जाती है, यह कहावत प्रचलित है और कई कट्टर मान्यता वाले औरत को मर्द की खेती समझते हैं। कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। पर विडम्बना है कि उसके हिस्से के पृष्ठों को धार्मिकता के नाम पर धर्मग्रंथ एवं सामाजिकता के नाम पर खाप पंचायते घेरे बैठे हैं। पुरुष-समाज को उन आदतों, वृत्तियों, महत्वाकांक्षाओं, वासनाओं एवं कट्टरताओं को अलविदा कहना ही होगा जिनका हाथ पकड़कर वे उस ढ़लान में उतर गये जहां रफ्तार तेज है और विवेक अनियंत्रण हैं जिसका परिणाम है नारी पर हो रहे नित-नये अपराध और अत्याचार। पुरुष-समाज के प्रदूषित एवं विकृत हो चुके तौर-तरीके ही नहीं बदलने हैं बल्कि उन कारणों की जड़ों को भी उखाड़ फेंकना है जिनके कारण से बार-बार नारी को जहर के घूंट पीने को विवश होना पड़ता है। नारी जाति को अपनी विशेषताओं से ही नहीं, बल्कि अपनी कमजोरियों से भी अवगत होना होगा। नारी को अपने आप से रूबरू होना होगा, जब तक ऐसा नहीं होता लक्ष्य की तलाश और तैयारी दोनों अधूरी रह जाती है। स्वयं की शक्ति और ईश्वर की भक्ति भी नाकाम सिद्ध होती है और यही कारण है कि जीने की हर दिशा में नारी औरों की मुहताज बनती हैं, औरों का हाथ थामती हैं, उनके पदचिन्ह खोजती हैं। कब तक नारी औरों से मांगकर उधार के सपने जीती रहेंगी। कब तक औरों के साथ स्वयं को तौलती रहेंगी और कब तक बैशाखियों के सहारे मिलों की दूरी तय करती रहेंगी यह जानते हुए भी कि बैशाखियां सिर्फ सहारा दे सकती है, गति नहीं?

हम बदलना शुरू करें अपना चिंतन, विचार, व्यवहार, कर्म और भाव। मौलिकता को, स्वयं को एवं स्वतंत्र होकर जीने वालों को ही दुनिया सर-आंखों पर बिठाती है। जिस घर में नारी सुघड़, समझदार, शालीन, शिक्षित, संयत एंव संस्कारी होती है वह घर स्वर्ग से भी ज्यादा सुंदर लगता है क्योंकि वहाँ प्रेम है, सम्मान है, सुख है, शांति है,सामंजस्य है, शांत सहवास है। सुख-दुख की सहभागिता है। एक दूसरे को समझने और सहने की विनम्रता है। नारी अनेक रूपों जीवित है। वह माँ, पत्नी, बहन, भाभी, सास, ननंद, शिक्षिका आदि अनेक दायरों से जुड़कर सम्बधों के बीच अपनी विशेष पहचान बनाती है। उसका हर दायित्व, कर्तव्य, निष्ठा और आत्म धर्म से जुड़ा होता है। इसीलिए उसकी सोच, समझ, विचार, व्यवहार और कर्म सभी पर उसके चरित्रगत विशेषताओं की रोशनी पड़ती रहती है। वह सबके लिए आदर्श बन जाती है।

नारी अपने घर में अपने आदर्शों, परंपराओ, सिद्धांतो, विचारों एवं अनुशासन को सुदृढ़ता दे सकें, इसके लिए उसे कुछेक बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। नारी अपने परिवार में सबका सुख-दुख अपना सुख-दुख माने। सबके प्रति बिना भेदभाव के स्नेह रखे। सबंधों की हर इकाई के साथ तादात्मय संबंध जोड़े। घर की मान मयार्दा, रीति-परंपरा, आज्ञा- अनुशासन, सिद्धांत, आदर्श एंव रूचियों के प्रति अपना संतुलित विन्रम दृष्टिकोण रखें।अच्छाइयों का योगक्षेम करें एंव बुराइयों के परिष्कार में पुरषार्थी प्रयत्न करें। सबका दिल और दिमाग जीतकर ही नारी घर में सुखी रह सकती है। बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाओं के लिए यह आवश्यक है कि मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य-आँचल में है दूध को सदा याद रखें। उसकी लाज को बचाएँ रखें और भ्रूणहत्या जैसा घिनौना कृत्य कर मातृत्व पर कलंक न लगाएँ। बल्कि एक ऐसा सेतु बने जो टूटते हुए को जोड़ सके, रुकते हुए को मोड़ सके और गिरते हुए को उठा सके। नन्हे उगते अंकुरों और पौधों में आदर्श जीवनशैली का अभिसिंचन दें ताकि वे शतशाखी वृक्ष बनकर अपनी उपयोगिता साबित कर सकें।

जननी एक ऐसे घर का निर्माण करे जिसमें प्यार की छत हो, विश्वास की दीवारें हों, सहयोग के दरवाजे हों, अनुशासन की खिड़कियाँ हों और समता की फुलवारी हो। तथा उसका पवित्र आँचल सबके लिए स्नेह, सुरक्षा, सुविधा, स्वतंत्रता, सुख और शांति का आश्रय स्थल बने, ताकि इस सृष्टि में बलात्कार, गैंगरेप, नारी उत्पीड़न जैसे शब्दों का अस्तित्व ही समाज हो जाए।

# महंगाई का होगा वैश्विक तांडव, जनता होगी परेशान

संजीव ठाकुर

पिछले 2 वर्षों से जहां केरोना के कारण पूरी दुनिया महंगाई से त्रस्त थी,वही अब रूस यूक्रेन युद्ध के बाद जनमानस पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम बढ़ने से महंगाई की मार झेलने वाला है' दूसरी तरफ यूक्रेन की जनता युद्ध की विभीषिका के नीचे अपनी जान गवा कर कराहने और सिसकने को मजबूर है, और पूरा विश्व परमाणु महायुद्ध की आशंका से भयभीत भी है। अब करोनाऔर रूस युक्रेन के परिणामों से महंगाई की मार झेलने के लिए मजबूर होगा। इस तरह वैश्विक जनमानस एक तरफ प्राकृतिक और दूसरी तरफ मानव निर्मित युद्ध के तांडव का सामना करने के लिए बाध्य होगा। महंगाई अपने चरम सीमा पर होगी। निम्न और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई की मार को झेलते हुए पेट्रोल गैस और आवश्यक वस्तुओं की महंगाई से त्रस्त रहा है, और जनसंख्या के बड़े प्रतिशत नौजवानों को न तो रोजगार है और ना ही काम करने के लिए पर्याप्त आर्थिक सुविधा इन परिस्थितियों में कोरोना वायरस ने "करेला ऊपर से नीम चढ़ा" वाली कहावत सिद्ध कर दी है। कोरोना वायरस संक्रमण तथा महामारी में पिछले 2 वर्षों में पूरे विश्व में 99% लोगों की आमदनी में गिरावट आई है। 16 से 20 करोड़ से अधिक लोग गरीब की श्रेणी में आ गए हैं। वही दुनिया में अमीर लोगों की तादाद बढ़ी है अमीर लोग और अमीर हो गए हैं। महंगाई का इंडेक्स बहुत ऊपर उठा, मुद्रास्फीति का भी हाल बेहाल है। पेट्रोल डीजल गैस के दाम आसमान छूकर अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। एजेंसियों के अनुसार दुनिया के सबसे ज्यादा 10 अमीर व्यक्तियों की संपत्ति प्रतिदिन 1.3 अरब डॉलर( लगभग 900 करोड रुपए) से बढ़कर 15 सौ अरब डॉलर यानी( 111 लाख करोड)रुपए से अधिक पर पहुंच गई है। विश्व आर्थिक मंच के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन के पहले दिन ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने कहा की असमानता की वजह से विश्व में प्रतिदिन 21000 लोग अथवा 4 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत हो रही है। इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य देखभाल लिंग आधारित हिंसा भूख और जलवायु की वजह से वैश्विक स्तर पर होने वाली मौतों पर निष्कर्ष निकाला गया है। निश्चित तौर पर यह बहुत चौंकाने वाले आंकड़े हैं और वैश्विक महामारी में गरीब आदमी सरकार की मदद से इलाज ले कर जिंदा रह गया है तो बहुत बड़ी बात है अन्यथा उसको मौत ने गले लगा लिया । भारतीय रिजर्व बैंक के एक अध्ययन में कहा गया है कि उपभोक्ता विश्वास अभी भी कोविड-19 स्तर पर नहीं लौट पाया है। रिजर्व बैंक के सोमवार को जारी बुलेटिन में इसका उल्लेख है कि महामारी की लगातार आई लहरों ने उपभोक्ता के विश्वास को बुरी तरह से प्रभावित किया है। मई 2021 में दूसरी लहर के चरम के रहते समय अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया था। अमेरिका ,ब्रिटेन ,जापान ,चीन, रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की रात बड़ी अर्थव्यवस्था भी महामारी से बहुत ज्यादा प्रभावित रही है, किंतु इसका सबसे ज्यादा असर भारत की आर्थिक स्थिति पर पड़ा है। रिजर्व बैंक की बुलेटिन' कोविड-19 का उपभोक्ता विश्वास पर प्रभाव में कहा है कि ज्यादातर देशों में उपभोक्ता विश्वास में एक बड़ी गिरावट देखी गई है। धीरे-धीरे इस विश्वास की और फिर बढ़ना शुरू किया गया है। किंतु अधिकांश देशों में उपभोक्ता भरोसा अभी भी महामारी के पूर्व के स्तर पर नहीं लौट पाई है। रिजर्व बैंक में कोविड-19 की तीसरी लहर के संदर्भ में चिंता करते हुए कहा है कि यह लहर यदि लंबे समय तक चली और मजबूर होकर लॉक डाउन लगाया गया तो भारत की आर्थिक स्थितियां पूरे विश्व के समकक्ष बहुत ही विपरीत हो जाएंगी। दूसरी तरफ भारत में कोरोनावायरस की तीसरी लहर और विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के कारण एयरलाइन कंपनियों का घाटा चालू वित्त वर्ष में बढ़कर रिकॉर्ड 20000 करोड़ रुपए पहुंच गया है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है जिसके अनुसार विमानन कंपनियां इस वित्त वर्ष में ?2000 से अधिक के अपने इस सबसे बड़े शुद्ध घाटे की ओर बढ़ रही है यह घाटा पिछले वर्ष के वित्तीय वर्ष के घाटे से 44% अधिक है। घरेलू उड़ानों में 75% हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया पर आधारित रिपोर्ट में चेताया गया है कि इस घाटे से एयरलाइंस कंपनियों का पुनरुद्धार 2023 तक टल गया है। कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बाद हवाई यातायात में तेजी से सुधार हुआ था।

## व्यंग्य

# गाँव और शहर में क्या अंतर है?

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**एक** दिन भजनखबरी मास्टर बन बैठा। कक्षा में बच्चों के सामने जा धमका। उसने सभी बच्चों से पुस्तकें निकालने के लिए कहा। सभी बच्चों ने पुस्तकें निकालीं। भजनखबरी ने कहा आज हम दि कंट्री माउस एंड दि सिटी माउस पाठ पढ़ने जा रहे हैं। इसलिए सबसे पहले मुझे यह बताओ कि गाँव और शहर में क्या अंतर है?

सभी बच्चे अपनी-अपनी खोपड़ी खुजलाने लगे। जब सवाल पूछा है तब उसका उत्तर भी तो देना पड़ेगा! ऊपर से मास्टर जी की धमकी अलग से! जो बच्चे गलत उत्तर देंगे उन्हें मुर्गा बनाया जाएगा। अब मास्टर जी को कौन बताए कि जब से शिक्षा का अधिकार कानून बना है तब से शिक्षकों के पाले में कोई अधिकार बचा ही नहीं है। सब के सब बच्चों के अधिकार हैं। बच्चे चाहें तो मास्टर को मुर्गा न बना दें तो वही कम है। जो भी हो बच्चे उत्तर देने के लिए तैयार थे। सभी हाथ उठाने लगे। भजनखबरी ने पहले एक बैक बैंचर को यह समझकर उत्तर देने के लिए उठाया कि शायद वह कुछ न बता पाये। लेकिन आजकल के बच्चे, बच्चे नहीं घूमते-फिरते आफत हैं। उनसे जितना कम पाला पड़े उतना अच्छा है। मास्टर जी के प्रश्न का उत्तर देते हुए बच्चे ने कहा - मास्टर जी! गाँव और शहर में बहुत छोटा सा अंतर है। गाँवों में कुत्ते बेकार घूमते हैं और गायों की पूजा की जाती है। वहीं शहर में कुत्तों की पूजा की जाती है और गायें बेकार घूमती हैं। गाँवों में जो अनपढ़, गंवार, अंगूठा छाप होता है वह गाय, बैल, भैंस बकरी चराता है, वहीं शहर में पढ़े-लिखे, बड़े-बड़े आफिसर कुत्तों को घुमाते फिरते हैं। कभी-कभी तो लगता है कि वे कुत्तों को नहीं कुत्ते उन्हें घुमा रहे हैं। मास्टर जी! जिंदगी की सबसे कड़वी सच्चाई यह है कि गाँवों में वृद्धाश्रम नहीं होते। इसलिए बूढ़े-बुजुर्ग अपने घर पर पड़े सड़ते हैं जबकि शहर में अनाथाश्रम की भरमार है। यहाँ गली-गली में वृद्धाश्रम दिखायी देंगे, जिसमें चर्बी चढ़े, अमीर खानदान के बुजुर्ग माता-पिता रहते हैं। इतना सुनना था कि भजनखबरी की सारी की सारी मास्टरी बच्चे के सामने पानी माँग रहा था। इतना सब होने के बाद भी उसने एक और लड़के को उठाने की हिम्मत की। लड़के ने जो जवाब दिया उसकी गूँज आने वाले दिनों तक सुनायी देने वाली थी। उसने कहा झ गाँव के लोग जितना भी पढ़-लिख लें लेकिन शहर वाले उन्हें गंवार ही कहते हैं, जबकि सबसे ज्यादा गंवार तो शहर में रहते हैं, जिनकी बुराई के लिए समाचार पत्र के पन्ने, न्यूज चैनल और सोशल मीडिया कम पड़ जाते हैं। गाँवों में बच्चों को भगवान सा पूजा जाता है जबकि शहर में छोटी-छोटी बच्चियों को कामुकता की नजर से देखा जाता है। गाँव में जितना हो पाता है उसी में खुश रहना यहाँ की आदत होती है जबकि शहर में घर-परिवार के लिए समय न देने वाले उसे अमीरी का नाम देते हैं। गाँव के लोग कम से कम एक-दूसरे से घुल-मिल लेते हैं जबकि शहर के लोग बिना मतलब के सामने वाले से सीधे मुँह बात नहीं करते। गाँव में लोग परिवार की तरह रहते हैं जबकि शहर में अपार्टमेंट कल्चर में यंत्र की तरह एक-दूसरे से जुदा और उनके सुख-दुखों से बेखबर रहते हैं। गाँव वाले जब भी किसी से मिलते हैं तो प्यार मोहब्बत और दिल के साथ मिलते हैं जबकि शहर में लोग घर के लोगों से सीधे मुँह तो बात नहीं करते जबकि फेसबुक पर हजारों दोस्त बनाते हैं और उनसे ऐसा व्यवहार करते हैं कि सारी दोस्ती का ठेका इन्होंने ही ले रखा हो। गाँव में झगड़े-फसाद नहीं होते। पंचायतें किसी बात को बड़ा होने नहीं देतीं।

जबकि शहर में छोटी-छोटी बात के लिए कोर्ट कचहरी तक पहुँच जाते हैं। जहाँ दलालों की जेबें गरम होती रहती हैं। गाँव में अब भी छोटे-बड़े का लिहाज बचा है। बच्चे आज भी अपने बड़ों का आदर करते हैं, जबकि शहर में छोटे-बड़े का लिहाज नेस्तनाबूद हो चुका है। सब कुछ धूल हो चुका है। शहर के लोग ऐसे धूल भरे करतबों को संस्कार का नाम देकर बड़े खुश होते हैं। यह सब सुन भजनखबरी सिर झुकाए निरुत्तर था।

# सतचरित्र, अध्यात्म, नैतिक शिक्षा भारतवर्ष की नैतिक आत्मा

संजीव शर्मा

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता है और अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता रहा है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है। यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता। ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए।

# मानवीयता का अंतिम संस्कार

रामविलास जांगिड़

मरना तो है ही। आज नहीं तो कल! दुनिया में इस समय सारी बुद्धिमानी इसी मरने-मारने पर टिकी हुई है। यूक्रेन, रूस, अमेरिका, चीन, नाटो, यूएनओ सबकी अपनी-अपनी लड़ाइयां चल रही है। हर एक के भीतर नई चालाकियां पल रही है। कौन किसको कितना जल्दी मार सके, इसलिए इतने हथियारों का जखीरा बनाया है। आधी दुनिया हथियार बनाने में लगी है और आधी दुनिया हथियारों को ठिकाने लगाने में लगी है। मजेदार बात यह है कि यही आधी-आधी दुनिया एक दूसरे का पाला बदलते हुए देर नहीं लगाती है। हर एक देश अपनी औकात से बाहर लटक कर बम-बारूद, तोप-तमंचा बनाने में घाटे का बजट बना रहा है। हर देश की राष्ट्रीय आय का सबसे बड़ा खर्चा तो तमंचा खरीदने में ही लगा रहे हैं। सच्ची मानवीयता के लिए इतने रुपए खर्च कर रहे हैं, तो मरना तो बनता ही है। रक्षा के नाम पर मारक यंत्रों का जखीरा! मरने का काम नैतिकता से भी भरा हुआ है। इस भीषण बमबारी में मरने-मारने के इस खेल में हर एक सरकार आपके साथ है। सरकारें हम सब लोगों की सुविधा के लिए मानवीयता का अंतिम संस्कार करने के लिए कृत संकल्प है। इसलिए सभी मानवों को युद्धों में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। लड़ने-लड़ाने की नई-नई बातें इजाद करनी चाहिए। यूक्रेन और रूस के साथ अलग-अलग ढंग से खड़े होकर, एक दूसरे पर मिसाइलें फेंकने की कलाकारी करनी ही चाहिए। एक दूसरे को युद्ध करने के लिए चने के झाड़ पर चढ़ाना ही चाहिए। यही हमारी सभ्यता और संस्कृति है। इसी कारण दुनिया में मनुष्यों को सबसे ज्यादा बुद्धिमान कहा गया है। मानवीय सभ्यता लगभग 5000 से ज्यादा युद्धों से भरी पड़ी है। सारे युद्धों की अपनी कहानियां है। मोहल्ले से लेकर ब्रह्मांड तक। अपने-अपने ढंग से युद्ध जारी है। बीबी शोहर पर भारी पड़ रही है। बहू सास से झगड़ रही है। दुनिया यूक्रेन रूस पर अकड़ रही है।

## जीत के बाद मिताली ने कहा- हमें अभी भी सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने महिला विश्वकप की शुरूआत जीत के साथ की है। भारत ने विश्वकप के अपने पहले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंदी टीम पाकिस्तान को 107 रन से हरा दिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 244 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने आई पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में ही 137 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत से भारतीय टीम की कप्तान मिताली राज काफी खुश हैं पर उन्होंने कहा कि हमें अभी बहुत सी चीजों में काम करना है।



मैच के बाद मिताली राज ने कहा कि हमारी टीम के लिए हर मैच जीतना बेहद जरूरी है। पर अभी भी टीम को बहुत सी चीजों पर काम करने की जरूरत है। जब आप मध्यक्रम के बल्लेबाजों के विकेट गंवाते हैं तो यह टीम पर काफी दबाव डालता है। विश्वकप जैसे बड़े टूर्नमेंटों में टीम के टॉप ऑर्डर को रन बनाना जरूरी होता है। मिताली ने पूजा और स्नेह राणा की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि जब आपके पास टीम में इस तरह के खिलाड़ी होते हैं तो बैटिंग लाइनअप काफी लंबी हो जाती है। स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर की साझेदारी टीम के लिए अहम रही। दोनों ही खिलाड़ियों ने सूझ-बूझ के साथ बल्लेबाजी की और टीम के स्कोर आगे लेकर गई।

## बेलग्रेड फीडे ग्रां प्री शतरंज - विदित नें शिरोव से खेला ड्रॉ

**बेलग्रेड।** फीडे ग्रां प्री के दूसरे चरण के मुक़ाबले इस समय बेलग्रेड में खेले जा रहे है और अब तक हुए चार राउंड के बाद भारत के विदित गुजराती फिलहाल प्ले ऑफ की दौड़ में बने हुए है । पहले दो मैच में सफ़ेद मोहरो से स्पेन के अलेक्सी शिरोव और फिर फीडे/सीएफ़आर के फेडोसीव ब्लादिमीर को हराकर शानदार शुरुआत



करने वाले विदित को तीसरे राउंड में विश्व नंबर 10 हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट से हार का सामना करना पड़ा था पर इसके बाद चौंथे दिन विदित नें काले मोहरो से स्पेन के अलेक्सी शिरोव से ड्रॉ खेलकर कुल 2.5 अंक बना लिए है और फिलहाल वह रिचर्ड के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है । डबल राउंड रॉबिन पद्धति में हो रहे इस पहले चरण में विदित को अभी काले मोहरो से फेडोसीव तो सफ़ेद मोहरो से रिचर्ड से मुक़ाबला खेलना बाकी है । वही भारत के पेंटाला हरीकृष्णा पूल बी में एक हार और लगातार तीन ड्रॉ खेलकर 1.5 अंको के साथ प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गए है फिलहाल पूल बी में नीदरलैंड के अनीश गिरि 3 अंक बनाकर एकल बढ़त पर चल रहे है ।

## भारतीय महिला निशानेबाजी टीम फाइनल में, अब सिंगापुर से होगी भिड़ंत

**कहीरा।** ऐशा सिंह और रिदम सांगवान की तीन सदस्यीय भारतीय महिला 25 मीटर पिस्टल टीम आईएसएसएफ विश्व कप के स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंच गई। तीनों ने दूसरे क्वालिफिकेशन चरण में पहला स्थान हासिल करते हुए 450 में से 441 अंक बनाए । अब फाइनल में उनका सामना सिंगापुर से होगा जिसके समान अंक रहे लेकिन भीतर 10 में भारत से तीन शॉट कम लगाए।

चीनी ताइपे और जापान कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। भारत दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सौरभ चौधरी और महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि ऐशा सिंह ने महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया था। पुरुषों के 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भारत के अनीश भानवाला 37 निशानेबाजों के क्वालिफिकेशन दौर में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं ।

# आईपीएलः 65 दिन में 12 डबल हेडर, 26 मार्च को चेन्नई-कोलकाता में पहला मुकाबला

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शेड्यूल जारी कर दिया है। पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच 26 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। टूर्नामेंट की दो नई टीमें लखनऊ सुपर जाएंट्स और गुजरात टाइटन्स एक दूसरे से 28 मार्च को भिड़ेंगी।

वहीं, लीग स्टेज का आखिरी मैच भी वानखेड़े में ही खेला जाएगा। यह मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच होगा। बीसीसीआई ने कहा है कि प्लेऑफ के शेड्यूल की




घोषणा बाद में की जाएगी। 65 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में 12 दिन दो मैच (डबल हेडर) होंगे। पहला मुकाबला साढ़े तीन बजे से और दूसरा मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। पहला डबल हेडर 27 मार्च को खेला जाएगा। पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस की टीम ब्रेबोर्न स्टेडियम और दूसरा मुकाबला पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।

टूर्नामेंट का फाइनल 29 मई को होगा। इस बार लीग के सभी 70 मैच मुंबई और पुणे में खेले जाएंगे। मुंबई में कुल 55 मैच और पुणे में 15 मैच खेले जाएंगे। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में 20-20 मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं, मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम और पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में 15-15 मैच खेले जाएंगे।

## भारत ने जीता तीसरा स्वर्ण पदक, सरनोबत-ईशा और रिदम की तिकड़ी ने लगाया गोल्डन निशाना

**नई दिल्ली।** भारत की महिला निशानेबाज राही सरनोबत, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व कप में देश को तीसरा गोल्ड दिला दिया है। भारतीय तिकड़ी ने रविवार को विश्व कप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ भारत तीन स्वर्ण समेत कुल पांच पदक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। भारतीय टीम ने क्वॉलिफिकेशन राउंड 2 में 574 का स्कोर किया और फाइनल में पहुंची। इसके बाद खिताबी मुकाबले में सिंगापुर पर रोमांचक फाइनल में 17-13 से जीत हासिल कर देश को टूर्नामेंट में तीसरा सोने का तमगा दिलाया। भारतीय तिकड़ी ने शनिवार को दूसरे क्वालीफिकेशन चरण में शीर्ष पर रहकर खिताबी दौर के लिए क्वालीफाई किया था।

यह ईशा का दूसरा स्वर्ण और विश्व कप में तीसरा पदक था। उन्होंने इससे पहले महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जबकि महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया था। दिन के अन्य मुकाबले में भारतीय निशानेबाज श्रीयंका साडंगी और अखिल शेरोन ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक

# जडेजा और अश्विन ने भारत को तीन दिन में एक पारी और 222 रन से दिलाई जीत

**मोहाली।** रविंद्र जडेजा के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन (175 रन और नौ विकेट) की मदद से भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट में श्रीलंका को तीन दिन के भीतर ही एक पारी और 222 रन से हरा दिया। श्रीलंका को पहली पारी में 174 रन पर आउट करने के बाद भारत ने दूसरी पारी में उसे 178 रन पर समेट दिया। श्रीलंका ने तीसरे दिन 16 विकेट गंवाये। पहली पारी में पूरी टीम जडेजा के व्यक्तिगत स्कोर से एक रन पीछे थी जबकि दूसरी पारी में तीन रन अधिक ही बना सकी। भारत श्रृंखला में 1 . 0 से आगे है और बेंगलुरू में 12 मार्च से शुरू हो रहे गुलाबी गेंद के टेस्ट में जीत दर्ज करके पूरे 24 अंक लेना चाहेगा। जेलो मैथ्यूज और निरोशन डिकवेला जैसे खिलाड़ियों ने भी आसानी से घुटने टेक दिये। श्रीलंका का कोई बल्लेबाज जडेजा की गेंदों को समझ ही नहीं सका। इससे पहले रविंद्र जडेजा के पांच विकेट की मदद से भारत ने श्रीलंका



को पहली पारी में 174 रन पर आउट करके पहली पारी में 400 रन की बढत बना ली थी। फॉलोआन खेलते हुए श्रीलंका की टीम फिर मुसीबत में थी। लाहिरू तिरिमन्ने को अश्विन ने पहले सत्र में अपना 433वां शिकार बनाया।अश्विन ने नयी गेंद संभालते हुए तिरिमन्ने को दूसरी स्लिप में रोहित के हाथों लपकवाया। लंच के बाद पाथुम निसांका को विकेट के पीछे ऋषभ पंत के हाथों लपकवाकर अश्विन ने 434 विकेट पूरे किये। उन्होंने चरित असालांका को 435वां शिकार बनाया। इस बीच मोहम्मद शमी ने दिमुथ करूणारत्ने (27) को पंत के हाथों लपकवाया जबकि रविंद्र जडेजा ने धनंजय डिसिल्वा (30) को मैच में अपना छठा शिकार बनाया। चाय के समय एंजेलो मैथ्यूज 27 और चरित असालांका 20 रन बनाकर खेल रहे थे। यह विराट कोहली का सौवां टेस्ट और रोहित शर्मा का बतौर कप्तान पहला टेस्ट है लेकिन इसमें नायक साबित हुए जडेजा जिन्होंने 13 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट लिये।

## रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा दिग्गज कपिल देव का यह बड़ा रिकॉर्ड, विकेटों के मामले में शीर्ष 10 में शामिल हुए

**मोहाली।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक और खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह अब टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट के मामले में दिग्गज कपिल देव से आगे निकल गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन अश्विन ने कपिल देव के 434 टेस्ट विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अश्विन के अब टेस्ट क्रिकेट में 435 विकेट हो गए हैं।

35 वर्षीय अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अब सिर्फ अनिल कुंबले का नाम है। कुंबले ने 132 मैचों में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन अब सर्वाधिक टेस्ट विकेट के मामले में शीर्ष 10



क्रिकेटरों की सूची में भी शामिल हो गए हैं और नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# वार्न ने पहले आईपीएल में मुझे बड़ा मंच दिया : जडेजा

**मोहाली।** रविंद्र जडेजा जब 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में राजस्थान रॉयल्स शिविर से जुड़े थे तब वह अंडर-19 विश्व कप चैम्पियन बन चुके थे लेकिन यह शेन वार्न का इस युवा खिलाड़ी पर भरोसा था जिसकी वजह से वह खेल प्रशंसकों के बीच तुरंत ही 'हिट' हो गये।

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के पहले चरण का खिताब जीता था और जडेजा ने 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभायी थी जिससे वह वार्न के चहेते बन गये जिन्होंने उन्हें 'द रॉकस्टार' का नाम दिया। लेग स्पिन की कला को नया जीवन देने वाले वार्न का शुक्रवार को 52 साल की उम्र में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, जिससे क्रिकेट बिरादरी सदमे में है। जडेजा से जब वार्न के साथ बिताये गये समय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''यह स्तब्ध करने वाली खबर थी। इसे



सुनते ही मैं बहुत दुखी हो गया था। मुझे यह खबर सच नहीं लग रही थी। '' उन्होंने कहा, ''जब 2008 में मैं उनसे मिला था तो वह एक महान क्रिकेटर बन चुके थे। मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि हम शेन वार्न जैसे दिग्गज के साथ खेलेंगे। वार्न के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना हम जैसे युवाओं के लिये बहुत बड़ी बात थी।उन्होंने मुझे बहुत बड़ा मंच दिया और अंडर-19 के बाद सीधा आईपीएल में प्रवेश हुआ था।

# पहली टेस्ट जीत के बाद रोहित ने कहा- सभी विभागों में अच्छे रहे

**मोहाली।** टेस्ट कप्तानी की शुरूआत जीत से करने के बाद रोहित शर्मा ने रविवार को कहा कि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया। रविंद्र जडेजा ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन से जीत में अहम भूमिका निभायी। उन्होंने नाबाद 175 रन की पारी खेलने के साथ मैच में कुल नौ विकेट झटके जिससे टीम श्रीलंका पर तीन दिन के अंदर पारी और 222 रन की बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही। पहली पारी में 174 रन पर सिमटने के बाद श्रीलंकाई टीम दूसरी पारी में 178 रन पर सिमट गयी। रोहित ने मैच के बाद कहा, यह अच्छी शुरूआत थी। हमारे लिये यह क्रिकेट का शानदार मैच था। हमने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया। ईमानदारी से कहूं तो मैंने नहीं सोचा था कि यह ऐसा मैच होगा जो तीन दिन में खत्म हो जायेगा। उन्होंने कहा, यह बल्लेबाजी के लिये अच्छी पिच थी, इसमें कुछ टर्न था और तेज गेंदबाजों को भी



कुछ मदद मिल रही थी। रोहित ने कहा, खिलाड़ियों को काफी श्रेय जाता है, उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी करते हुए दबाव बनाया और श्रीलंकाई बल्लेबाजों के लिये चीजें आसान नहीं होने दीं और लगातार अंतराल पर विकेट चटकाये। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट के लिये अच्छा संकेत है। काफी सारे शानदार प्रदर्शन रहे, विराट कोहली के लिये उपलब्धि भरा टेस्ट रहा और हम सबसे पहले यहां आकर इस टेस्ट को जीतना चाहते थे। इस तरह के बड़े व्यक्तिगत प्रदर्शन को देखना शानदार है। जडेजा ने जहां व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की तो रविचंद्रन अश्विन ने कपिल देव (131 मैच में 434 विकेट) को पीछे छोड़ दिया और अब 436 विकेट चटकाकर भारत के दूसरे सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। अश्विन इस तरह अनिल कुंबले के 619 विकेट के रिकॉर्ड से पीछे हैं। वहीं रोहित दूसरे भारतीय कप्तान बन गये हैं जिन्होंने कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहले ही मैच में टीम को पारी से जीत दिलायी हो।

# मैरीकॉम का बड़ा फैसला : युवाओं के लिए नहीं खेलेंगी विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेल

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज एक सी मैरीकॉम ने युवाओं को मौका देने के लिए इस साल होने वाली विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों में नहीं खेलने का फैसला किया है। छह बार की विश्व चैम्पियन बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी तैयारियों पर ध्यान लगाना चाहती हैं। आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप तुर्की के इस्तांबुल में छह से 21 मई तक खेली जाएगी। 2022 राष्ट्रमंडल खेल 28 जुलाई से और 2022 एशियाई खेल 10 सितंबर से शुरू होंगे।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) को एक संदेश में मैरीकॉम ने कहा कि मैं युवा पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खुद का नाम बनाने और बड़े टूर्नामेंट में 'एक्सपोजर' और अनुभव हासिल करने का मौका देने के लिए इन टूर्नामेंट में भाग नहीं लेना चाहूंगी। मैं अपना ध्यान सिर्फ राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों पर ही लगाना चाहूंगी। विश्व चैम्पियनशिप के लिए सभी 12 वर्गों के चयन ट्रायल सोमवार से शुरू होकर बुधवार को खत्म होंगे। ट्रायल्स में एशियाई खेलों के वजन वर्ग भी शामिल हैं जो आईबीए जैसे ही हैं। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने एक बयान में कहा कि मैरीकॉम पिछले दो दशक से भारतीय मुक्केबाजी की सिरमौर रही हैं और उन्होंने दुनिया भर में अनगिनत मुक्केबाजों और खिलाडियों को प्रेरित किया है। हम उनके फैसले का पूरा सम्मान करते हैं



और अन्य मुक्केबाजों को मौका देना उनके चैम्पियन व्यक्तित्व का ही प्रमाण है। एशियाई खेलों के लिये पुरूषों के चयन ट्रायल्स मई में जबकि पुरूष और महिलाओं के लिये राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल्स जून में कराए जाएंगे।

# यूक्रेन की दयाना ल्योन ओपन के फाइनल में, रूसी हमले के कारण कार पार्किंग में बिताई थीं दो रातें

**नई दिल्ली।** यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का ल्योन डब्ल्यूटीए ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। एक हफ्ते पहले यास्त्रेम्स्का रूसी हमलों में बाल-बाल बची थीं। उनके शहर ओदेसा पर बम से हमले हुए थे। 21 साल यास्त्रेम्स्का फाइनल मुकाबले के लिए यूक्रेन का झंडा लपेट कर उतरीं। उन्होंने रोमानिया की दूसरी वरीयता प्राप्त सोराना क्रिस्टिया को 7-6 (7/5), 4-6, 6-4 से हराया।

यास्त्रेम्स्का और क्रिस्टिया के बीच यह मुकाबला ढाई घंटे तक चला। मैच जीतने के बाद यास्त्रेम्स्का अपने घुटनों के बल बैठ गईं। उन्होंने मुकाबले के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ÷मैं अंदर के काफी मजबूत हूं। इसलिए मुझे लगता है कि मैं हर चीज से निपट सकता हूं। मैं यूक्रेनी हूं और यूक्रेनी लोग बहुत मजबूत हैं। आप इसे अब युद्ध के दौरान देख सकते हैं। अब से मेरी हर जीत मेरे देश की है। जो हो रहा है उसकी तुलना में यह बड़ा नहीं है। दुनिया के 140वें नंबर के खिलाड़ी यास्त्रेम्स्का का





सामना चीन की 64वीं रैंकिंग की झांग शुआई से होगा। शुआई ने खिताब सेमीफाइन में फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 7-5 से हराया। 2020 में एडिलेड में एश्ले बार्टी से हारने के बाद यह उनका पहला फाइनल होगा। यास्त्रेम्स्का पिछले ल्योन पहुंची थीं। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन में एक दिन उनकी नींद बम धमाकों के बीच खुली थी। रूस ने हमला किया था। फ्रांस तक पहुंचना उनके काफी मुश्किल भरा है। यास्त्रेम्स्का और उनके परिवार ने हमलों से बचने के लिए दो रातें ओदेसा के एक भूमिगत कार पार्किंग में बिताई थी। उन्होंने अपनी बहन के साथ रोमानिया पहुंचने के लिए नाव से डेन्यूब नदी पार की थी। यास्त्रेमस्का और उनकी 15 साल की बहन इवान्ना को अलविदा कहने के बाद उनके पिता और मां यूक्रेन में ही रह गए। यास्त्रेम्स्का ने तनावपूर्ण सेमीफाइनल के बाद कहा, मुझे अभी जो महसूस हो रहा है, उसके बारे में सोचने की जरूरत है। मुझे वास्तव में विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं फाइनल में पहुंच गई हूं। यास्त्रेम्स्का ने तीन डब्ल्यूटीए खिताब जीते हैं, लेकिन उनका पिछला खिताब मई 2019 में स्ट्रासबर्ग में आया था।

# वॉर्न को याद कर रो पड़े पोंटिंगः बोले- शेन मेरे जीवन का अहम हिस्सा थे, मेरा जिगरी नहीं रहा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग महान गेंदबाज शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि देते हुए एक इंटरव्यू में फूट-फूटकर रोने लगे। वॉर्न का 52 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उन्होंने थाइलैंड के सामुई में अपनी आखिरी सांस ली। पोंटिंग वॉर्न के बहुत जिगरी दोस्त रहे हैं।

**वॉर्न मेरे जीवन का अहम हिस्सा थे**

पोंटिंग ने वॉर्न के बारे में कहा, दुनिया के अन्य लोगों की तरह मैं भी इस खबर को सुनने के बाद चौंक गया था। मैं यह सोचकर बिस्तर पर गया था कि मुझे अपनी बेटियों को नेटबॉल के लिए ले जाना है, लेकिन जब जागा तो सब कुछ बदल चुका था। इस खबर को पचाने में मुझे कई घंटे लगे। वॉर्न मेरे जीवन का अहम हिस्सा थे। मैं कभी भी उनसे बेहतर गेंदबाज के साथ नहीं खेला। वह खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों के रूप में गिने जाएंगे। वॉर्न



ने स्पिन गेंदबाजी को बदल दिया और क्रांति लाए।

**वॉर्न मुझे पंटर बुलाते थे**

इससे पहले पोंटिंग ने वॉर्न के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया था। उन्होंने लिखा था, इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मैं उनसे पहली बार तब मिला था जब मैं 15 साल का था। उन्होंने मुझे मेरा पेट नेम (पंटर) दिया था। हम एक दशक से ज्यादा वक्त तक टीम में साथ रहे। सभी उतार-चढ़ाव एक साथ देखे। वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिस पर आप हमेशा भरोसा कर सकते थे। मुझे गर्व है कि मैं अब तक के सबसे महान गेंदबाज के साथ खेला हूं।

**600-700 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी थे वॉर्न**

सिर्फ 52 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहने वाले वॉर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपने शानदार प्रदर्शन के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। वॉर्न टेस्ट क्रिकेट में 600 और 700 विकेट के माइलस्टोन तक पहुंचने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने थे।

वे IPL टाइटल जीतने वाले पहले कप्तान बने थे। वॉर्न ने 15 साल के करियर में कुल 145 टेस्ट खेले, जिसमें 708 विकेट लिए। 99 के उच्चतम टेस्ट स्कोर के साथ निचले क्रम के एक उपयोगी बल्लेबाज भी थे।

## चीन में फिर लौटा कोरोनाः एक दिन में सर्वाधिक मामले आए सामने, अन्य देशों में चेतावनी

**बीजिंग।** चीन में कोरोना फिर से वापस लौट आया है। चीनी मीडिया के अनुसार देश में महामारी की शुरुआत में वुहान के प्रकोप के बाद से एक दिन में सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। चीन ने कुल 526 मामलों की पुष्टि की है जो कि पिछले दो वर्षों में एक दिन में सर्वाधिक संक्रमण के मामले हैं। इनमें से 214 मरीज लक्षण वाले थे और 312 मरीज बिना लक्षण वाले थे। चीन ने कहा है कि इतने मामले कोविड जीरो नीति के लिए एक बड़ा झटका है। वहीं चीन में



कोरोना के सर्वाधिक मामले सामने आने के बाद से अन्य देश भी सतर्क हो गए हैं और नागरिकों से कोरोना नियमों का पालन करने के लिए कहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन के किंगडाओ शहर में ओमिक्रॉन के 88 नए मामले दर्ज किए गए हैं। जो लोग ओमिक्रॉन के शिकार हुए हैं वे सभी छात्र बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह चीन में इस साल के संक्रमण के एक दिन के सबसे अधिक मामले हैं। दुनियाभर में कोरोना संक्रमण के मामले 44.66 करोड़ को पार कर गए हैं। वहीं मृतकों की संख्या करीब 60 लाख के करीब पहुंच गई है। वहीं पिछले एक महीने में दुनियाभर में कोरोना के 5.22 करोड़ से अधिक केस सामने आए हैं, जबकि 2.61 लाख लोगों ने इस खतरनाक वायरस से जान गंवा दी है।

## युद्ध संकटः अमेरिका ने बताया- अगर राष्ट्रपति जेलेंस्की मारे जाते हैं तो क्या होगा यूक्रेन का अगला कदम

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच लगातार 12वें दिन भी जंग जारी है। दोनों देश में कोई भी झुकने के लिए तैयार नहीं है। इन सब के बीच अब अमेरिका ने यूक्रेन के भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि यूक्रेन के पास एक ऐसी योजना है जिसके मुताबिक अगर हमले में राष्ट्रपति जेलेंस्की की मौत भी हो जाती है तो यूक्रेन में मौजूदा सरकार बनी रहेगी। यानी कि रूस अपने मिशन में कामयाब नहीं हो पाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा



कि यूक्रेन रूस की दबाव में झुकने वाला नहीं है। बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बार-बार दावा करते रहे हैं कि रूस उन्हें मारने की योजना बना रहा है। यूक्रेन के अनुसार, ज़ेलेंस्की की हत्या के लिए क्रेमलिन के आदेश के साथ सैकड़ों रूसी भाड़े के सैनिक वर्तमान में कीव में धावा बोल रहे हैं। जेलेंस्की की हत्या की आशंकाओं के बारे में एक समाचार चैनल से बात करते हुए, ब्लिंकन ने कहा कि यूक्रेनी सरकार का नेतृत्व उल्लेखनीय है। मैंने यूक्रेन के विदेश मंत्री से बात की जिन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में उनके देश में सरकार में निरंतरता सुनिश्चित करने की योजना है। पिछले हफ्ते, यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि जेलेंस्की की हत्या का प्रयास बार-बार किया जा रहा है लेकिन संयोग से वे बच जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमने कथित साजिश को पाया और नाकाम कर दिया। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, कीव को कथित तौर पर रूस की प्रमुख सुरक्षा एजेंसी एफएसबी ने हमले के बारे में सतर्क कर दिया था।

## लंदन : ब्रिटिश राजघराने ने दिखाई डायना की अनदेखी तस्वीर

**लंदन।** ब्रिटिश राजघराने ने दिवंगत राजकुमारी डायना की अब तक अनदेखी दुर्लभ तस्वीर अब सार्वजनिक की है। 'लाइफ थ्रू ए रॉयल लेंस' शीर्षक के साथ डायना की इस तस्वीर को लंदन के केनसिंग्टन पैलेस में प्रदर्शित किया गया है। यह चित्र 1988 में मशहूर फोटोग्राफर डेविड बेली ने लिया था। मोनोक्रोम तस्वीर में करीब 27 वर्ष की डायना बेहद आकर्षक लग रही हैं। डायना ने अपनी यह तस्वीर खींचने के लिए खुद बेली को पैलेस में आमंत्रित किया था। बेली तब तक एंडी वारहोल, ट्विगी और द बीटल्स सहित कई मशहूर हस्तियों की तस्वीरें खींच चुके थे। राजघराने के मुताबिक, डायना इस चित्र को अपनी विशिष्ट फोटोग्राफिक पहचान बनाना चाहती थीं। तस्वीर की तुलना दो महीने पहले डचेज ऑफ कैम्ब्रिज केट मिडलटन के 40वें जन्मदिन पर जारी तीन तस्वीरों में से एक से की जा रही है।

# यूक्रेन के चार शहरों में युद्धविराम का ऐलान, पुतिन बोले- शत्रुता समाप्त करे कीव

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच 12 वें दिन भी युद्ध जारी रहा। हालांकि आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन के 4 इलाकों में सीजफायर का ऐलान किया गया है। जाहिर सी बात है कि यह बड़ी राहत की खबर है। जिन चार शहरों में युद्ध विराम का ऐलान किया गया है उसमें राजधानी कीव के साथ-साथ मारियुपोल, खारकीव और सुमी शामिल हैं। आपको बता दें कि भारत के लिहाज से भी आज का युद्ध विराम काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि अब भी इन शहरों में भारतीय छात्र फंसे हुए हैं जिन्हें बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। हालांकि रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में तबाही का मंजर है। दोनों देशों के अपने-अपने दावे हैं लेकिन कहीं ना कहीं 2 देशों की लड़ाई में आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यूक्रेन का दावा है कि रूस की ओर से की जा रही गोलीबारी में अब तक 38 बच्चों की मौत हो गई है। यूक्रेन की राजधानी कीव और खारकीव में रूसी हमलों की वजह से इमारतों को नुकसान हुआ है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस के हमलों को ''केवल तभी रोका जा सकता है, जब कीव शत्रुता समाप्त कर दे।'' माना जा रहा है कि रूस के हमले में अब तक के सैकड़ों लोग मारे



जा चुके हैं। रूस ने यह भी दावा किया है कि अब तक उसने यूक्रेन के सैन्य ठिकानों पर अपना कब्जा जमा लिया है। दावा किया जा रहा है कि अब तक तकरीबन 15 लाख लोगों को यूक्रेन छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। रूसी सेना ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यूक्रेन को 'No-Fly Zone' घोषित करने वाले देश को युद्ध में शामिल माना जाएगा।

यूक्रेन का दावा है कि मध्य, उत्तरी और दक्षिण हिस्से में स्थित शहरों में रूसी बलों ने गोलाबारी तेज कर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने लोगों से विद्रोहियों के खिलाफ लामबंद रहने का आग्रह किया है, खासकर उन शहरों में जहां रूस ने कब्जा कर लिया है। जेलेंस्की ने अमेरिका और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों से यूक्रेन में और अधिक युद्धक विमान भेजने का आग्रह किया। रूसी सेना के यूक्रेन में गोलाबारी तेज करने के बीच युद्धग्रस्त देश के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से रूस के खिलाफ प्रतिबंध और कड़े करने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने कहा, '' मैंने एक भी विश्व नेता की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं सुनी। आक्रमण करने वाले का दुस्साहस दिखाता है कि मौजूदा प्रतिबंध पर्याप्त नहीं हैं।'' जेलेंस्की ने ऐसे अपराधों का आदेश देने और उन्हें अंजाम देने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए एक ''प्राधिकरण'' बनाने का आह्वान किया।

## इमरान खान को रूस का साथ देना पड़ा महंगा

**इस्लामाबाद।** रूस यूक्रेन के बीच जारी जंग में पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के रूस दौरे से ब्रिटेन की सरकार नाराज हो गई है। नाराज ब्रिटेन ने पाकिस्तानी के सुरक्षा सलाहकार की प्रस्तावित ब्रिटेन यात्रा को रद्द कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। बता दें पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद युसूफ को इस हफ्ते ब्रिटेन की यात्रा करनी थी।पाकिस्तान अखबार द न्यूज के अनुसार मोईद के दौरे से ठीक पहले यूरोपीय संघ के राजदूतों ने पाकिस्तान के यूक्रेन मसले पर तटस्थ रहने को लेकर एक बयान जारी किया था। पाकिस्तान ने इस बयान पर आपत्ति जताई थी और इसे गैर राजनयिक और अस्वीकार्य बताया था। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम इस बयान पर



चिंता जताते हैं क्योंकि मेरा कहना है कि यह कूटनीति का तरीका नहीं है और मैं समझता हूं कि उन्होंने इसे महसूस भी किया है।

रूस से तनाव को कम करने के लिए अब पाकिस्तान के विदेश सचिव कई यूरोपिय राजदूतों से मुलाकात करने जा रहे हैं। यही नहीं पाकिस्तान को अब यूरोपीय देशों की नाराजगी का डर सताने लगा है और वह कई देशों के विदेश मंत्रियों से बातचीत करनी है जा रहे हैं। शाह महमूद कुरैशी ने हंगरी के विदेश मंत्री से भी बातचीत की है। इसके बाद भी पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का दौरा ब्रिटेन ने रद्द कर दिया है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बीच इमरान खान मॉस्को गए थे। यूक्रेन पर हमले के बाद अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहे रूस को पाकिस्तान ने सहारा दिया था। इमरान खान ने पुतिन के साथ गेहूं और प्राकृतिक गैस की डील की थी। रूसी राष्ट्रपति से मिलने के बाद इमरान खान ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान करीब 20 लाख टन गेहूं और प्राकृतिक गैस का आयात करेगा। रूस और पाकिस्तान की इस डील को दोनों देशों की नज़दीकियों से जोड़कर देखा जा रहा है। इमरान खान ने पुतिन को पाकिस्तान आने के लिए भी आमंत्रित किया था। ब्रिटेन सरकार पाकिस्तान के इसी रुख से नाराज है।

## सीरियाःदमिश्क के पास इजराइली ने की एयर स्ट्राइक, दो आम नागरिकों की मौत

**दमिश्क।** इजराइल ने सीरिया के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर उसकी राजधानी दमिश्क के पास सोमवार को कई मिसाइल दागीं, जिसके कारण दो आम नागरिकों की मौत हो गयी। इस हमले में सीरिया के सैन्य ठिकानों को भी भारी क्षति हुई है। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पड़ोसी लेबनान के ऊपर से उड़ान भरने वाले इजराइली युद्धक विमानों ने सीरिया की ओर मिसाइल दागीं। इसमें कहा गया है कि सीरियाई वायु रक्षा प्रणाली ने अधिकांश मिसाइल मार



गिराईं। इस हमले में आम नागरिकों की मौत कैसे हुई, इस बारे में अब तक विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी है।इजराइल ने इस हमले पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइल इस तरह के हमले को अकसर स्वीकार नहीं करता है। उसने पिछले दशक में गृहयुद्ध के दौरान सीरिया में सरकार के नियंत्रण वाले कई इलाकों को निशाना बनाकर हमले किए हैं। गौरतलब है कि इजराइल इस बात को स्वीकार करता है कि वह लेबनान के हिजबुल्लाह जैसे ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाता है, जो सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद की सेना के पक्ष में लड़ते हैं। इस हमले से करीब दो सप्ताह पहले दमिश्क में ही एक इजराइली हमले में तीन सीरियाई सैनिकों की मौत हो गयी थी।

## श्रीलंकाः दो मंत्रियों को हटाने के बाद गठबंधन सरकार में पड़ी दरार

**कोलंबो।** श्रीलंका के जल आपूर्ति मंत्री वसुदेव नानायक्कारा ने सोमवार को कहा कि वह देश के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे द्वारा अपने दो सहकर्मियों को बर्खास्त करने के विरोध में मंत्रिमंडल की बैठकों का बहिष्कार करेंगे।

इन मंत्रियों को पिछले हफ्ते मंत्रिमंडल में फेरबदल के दौरान हटाया गया, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार में दरार आती नजर आ रही है। राजपक्षे ने दो शीर्ष पद वाले कैबिनेट मंत्रियों उदय गम्मनपिला को ऊर्जा मंत्री तथा विमल वीरवंस को उद्योग मंत्री पद से हटा दिया था।

इन दोनों मंत्रियों ने राजपक्षे के छोटे भाई और वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे की खुलकर आलोचना करते हुए उन पर आरोप लगाया था कि वह अड़ियल रवैये से काम रह रहे हैं, जिससे द्वीपीय देश में आर्थिक मुश्किलें पैदा हुई।

श्रीलंका अभी विदेशी मुद्रा संबंधी गंभीर संकट का सामना



कर रहा है और सरकार आवश्यक आयातित सामान का बिल भी नहीं भर पा रही है। बर्खास्त किए गए ये मंत्री सत्तारूढ़ श्रीलंका पादुजन पेरामुन (एसएलपीपी) के सदस्य हैं। नानायक्कारा ने कहा, ''मेरी पार्टी की केंद्रीय समिति ने फैसला किया है कि मैं मंत्रिमंडल की बैठकों से दूर रहूंगा लेकिन मंत्री पद पर बना रहूंगा।''

राजपक्षे परिवार की श्रीलंका में मजबूत राजनीतिक छवि है और उसकी देश की राजनीति पर मजबूत पकड़ है। श्रीलंका में 2019 के चुनाव के बाद राजपक्षे परिवार ने मौजूदा सरकार में कई विभागों पर अपना नियंत्रण रखा है।

## जेलेंस्की बोले- रूस पर लगे प्रतिबंध काफी नहीं

**कीव (यूक्रेन)।** रूसी सेना के यूक्रेन में गोलाबारी तेज करने के बीच युद्धग्रस्त देश के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से रूस के खिलाफ प्रतिबंध और कड़े करने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने रूसी रक्षा मंत्रालय की घोषणा का जवाब नहीं देने के लिए रविवार शाम एक वीडियो संदेश में पश्चिमी नेताओं की आलोचना की।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि वह यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर पर हमला करेगा और उसने इन रक्षा संयंत्रों के कर्मचारियों को काम पर नहीं जाने को भी कहा है। जेलेंस्की ने कहा, '' मैंने एक भी विश्व नेता की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं सुनी। आक्रमण करने वाले का दुस्साहस दिखाता है कि मौजूदा प्रतिबंध पर्याप्त नहीं हैं। जेलेंस्की ने ऐसे अपराधों का आदेश देने और उन्हें अंजाम देने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए एक प्राधिकरण बनाने का आह्वान



किया। उन्होंने कहा, कब्जा करने वालों की हिम्मत देखिए, जो इस तरह के नियोजित अत्याचारों की घोषणा कर सकते हैं।'' रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की थी कि उसकी सेना यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर पर सटीक हथियारों से हमला करेगी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने एक खबर में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाश्नेकोव के हवाले से कहा था, हम यूक्रेन के रक्षा उद्योग संयंत्रों के सभी कर्मियों से आग्रह करते हैं कि वे उद्यम परिसरों से बाहर चले जाएं।

## पाकिस्तानः पेशावर मस्जिद धमाके के जिम्मेदार आतंकी पहचाने, अविश्वास प्रस्ताव से इमरान बेफिक्र

**इस्लामाबाद** जांच अधिकारियों ने शिया मस्जिद पर हुए घातक आत्मघाती हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने का दावा किया है। हमले में कुल 63 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

अफगानिस्तान की सीमा वाले खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में हुए इस हमले की जिम्मेदारी आईएस-खुरासान ने ली है। जांच दल ने हमलावरों के दो सहयोगियों की मदद से उनके स्केच तैयार कराए हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार मुहम्मद अली

दल को घटनास्थल से गोलियों के सात खोल मिले हैं। इनसे पता चलता है कि हमलावरों ने खुद को उड़ाने से पहले 9 मिमी की

**पार्टी के सदस्यों से बात करते हुए इमरान खान कहा, विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव से उनकी सरकार पर कोई आंच नहीं आने वाली। सभी गठबंधन सहयोगी उनके साथ हैं। इस दौरान इमरान की गठबंधन सरकार में साझेदार रियाज फतयाना और नसरुल्ला दरेशिक समर्थन का आश्वासन दिया।**

पिस्तौल का इस्तेमाल किया था। हथियार देने वालों का पता लगाया जा रहा है। गृह मंत्री शेख रशीद अहमद ने हमले के साजिशकर्ताओं को पकड़ने पर जोर दिया था।

स्थानीय लोग पुलिसकर्मियों पर अपना फर्ज ठीक तरह से नहीं निभाने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस प्रमुख एजाज खान का कहना है कि एक पुलिसकर्मी ने फर्ज निभाते हुए जान दी है। ऐसे में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाना उचित नहीं। थोड़ी-बहुत चूक हो सकती है, क्योंकि पुलिस पर बहुत दबाव है। फिलहाल पुलिस हमलावरों के दो साथियों की तलाश कर रही है। उनकी पहचान हो चुकी है। पाक प्रधानमंत्री इमरान खान जहां विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बेफिक्र हैं, वहीं विपक्षी दल दोनों सदनों में लामबंद होकर सरकार गिराने को लेकर आश्वस्त हैं। इमरान खान ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पास राष्ट्रीय विधानमंत्रडल में पर्याप्त संख्या बल है। पार्टी के सदस्यों से बात करते हुए इमरान खान कहा, विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव से उनकी सरकार पर कोई आंच नहीं आने वाली। सभी गठबंधन सहयोगी उनके साथ हैं। इस दौरान इमरान की गठबंधन सरकार में साझेदार रियाज फतयाना और नसरुल्ला दरेशिक समर्थन का आश्वासन दिया।

## चीन-अमेरिका के कारोबारी युद्ध से 42 लाख करोड़ का नुकसान, आर्थिक वृद्धि दर भी प्रभावित

**बीजिंग।** एक ओर विश्व आर्थिक मंदी और रूस-यूक्रेन युद्ध से जूझ रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका व चीन के बीच कारोबारी युद्ध की वजह से करीब 42 लाख करोड़ का नुकसान भी उठाना पड़ा है। यह नुकसान आयात कर के रूप में हुआ, इसमें ज्यादातर हिस्सा चीन का है। जारी नई रिपोर्ट में यह दावे किए गए।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन और अमेरिका में इस कारोबारी युद्ध की वजह से आर्थिक वृद्धि दर भी प्रभावित हुई। सिंगापुर के अर्थशास्त्री जयंत मेनन कहते हैं, 'चीन की कारोबारी नीति अमेरिका को लेकर प्रतिक्रियावादी बन चुकी है।

यह बदले की भावना पर चल रही है। वह ऐसे देशों से भी आयात सीमित करता जा रहा है,



जिन्हें वह अमेरिका के प्रभाव में काम करने वाला मानता है।' 2020 से उसने ऑस्ट्रेलिया से कोयले, चीनी, जौ, वाइन, लकड़ी आदि का आयात सीमित किया, वहीं जापान ने उसके खिलाफ स्टील आयात पर डंपिंग ड्यूटी लगाने की शिकायत विश्व व्यापार संगठन में की। **लेकिन निर्यात में चीन मजबूत**

चीन ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान आदि से आयात भले ही समिति किया, लेकिन निर्यात मजबूत करते हुए 2020 में इसे 64,870 करोड़ डॉलर पर पहुंचाया। वहीं रीजनल कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप के जरिए भी निर्यात को बढ़ाया।

**इनोवेशन के लिए अमेरिका पर निर्भर**

सिंगापुर के एक अन्य अर्थ विशेषज्ञ एलन चोंग के अनुसार चीन कारोबारी युद्ध को तेज करते हुए नया वैश्विक कारोबार मॉडल बनाना चाहता है, लेकिन इनोवेशन के लिए वह अमेरिका पर निर्भर है। खासतौर से आईटी सेक्टर में वह खुद इनोवेशन के बजाय उत्पादन पर जोर दे रहा है।

## न्यूजीलैंड ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर लगाया प्रतिबंध

**वेलिंग्टन (न्यूजीलैंड)।** युद्धग्रस्त यूक्रेन में मची तबाही के 12वें दिन सोमवार को न्यूजीलैंड ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन समेत रूस के 100 लोगों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध तक यह लोग न्यूजीलैंड की यात्रा नहीं कर पाएंगे। नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि न्यूजीलैंड में प्रतिबंधित लोगों की सूची में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु, विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा सहित अन्य शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा है, "प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न और विदेश मामलों की मंत्री नानैया महुता ने रूसी सरकार के अधिकारियों और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण से जुड़े अन्य व्यक्तियों के खिलाफ लक्षित यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।"उल्लेखनीय है कि इससे पहले दुनिया की पांच प्रमुख तकनीकी कंपनियों गूगल, एपल, फेसबुक, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट यूक्रेन पर आक्रमण करने पर रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा कर चुके हैं। गूगल ने रूस में अपनी सेवाओं में ऑनलाइन विज्ञापन बंद कर दिया है। एपल ने रूस में अपने सभी उत्पादों की बिक्री को निलंबित कर दिया है। क्रेडिट कार्ड और भुगतान के क्षेत्र की प्रमुख कंपनी मास्टरकार्ड और वीजा ने भी रूस में काम बंद कर दिया है। अब रूसी बैंकों के वीजा और मास्टरकार्ड देश से बाहर काम नहीं करेंगे। ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स ने भी यूक्रेन के समर्थन में पश्चिमी देशों की कंपनियों के रुख का समर्थन करते हुए रूस में अपनी सेवा को निलंबित कर दिया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506